संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    ऊना, शनिवार, 02 सितंबर 2023 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 12 अंक: 233 पृष्ठ: 12    RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com    हिमाचल संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में शामिल हुए।

GOVT. OF PUNJAB

Punjab Land of Unlimited Opportunities

## 76 और नये आम आदमी क्लीनिक

### 1 साल में

659 क्लीनिक

38 डायग्नोस्टिक टेस्ट

80 प्रकार की दवाइयाँ

44 लाख से अधिक लाभार्थी








"पंजाब की जनता के स्वास्थ्य के लिए किये गए मुफ्त और बेहतर इलाज के वादे को हमने पूरा करके दिखाया है। हम चाहते हैं कि पंजाब का हर व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ रहे और पंजाब और देश की तरक्की में योगदान देता रहे।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंजाब

# सीएम ने सभी उपायुक्तों को तीन दिन के भीतर नुकसान का आकलन करने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार देर सायं सभी उपायुक्तों के साथ एक वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता की और उन्हें अपने जिलों में भारी बारिश से हुए नुकसान का तीन दिन के भीतर आकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अधिकारियों को राहत व पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों से क्षति की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उपायुक्त जिलों में क्षति का मूल्यांकन कर सम्बंधित क्षेत्रों को आपदा प्रभावित क्षेत्र का दर्जा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि प्रभावितों को राहत राशि के उचित वितरण के लिए एसडीएम और उपायुक्तों सहित राजस्व अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण हुई तबाही के दृष्टिगत राज्य सरकार ने एक विशेष राहत पैकेज की घोषणा की है। इसमें प्रभावितों की सहायता के लिए दस गुणा तक बढ़ा मुआवजा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में पक्के मकान को आंशिक क्षति पर 12,500 रुपये और कच्चे घर को आंशिक क्षति होने पर 10,000 रुपये की राहत राशि दी जाती थी। लेकिन प्राकृतिक त्रासदी के कारण हुए नुकसान को देखते हुए सरकार ने इसे बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहले दुकानों और ढाबों को हुए नुकसान के मुआवजे के रूप में सामान के बदले केवल 10 हजार रुपये की आंशिक आर्थिक सहायता मिलती थी जिसे अब राज्य सरकार ने दस गुना बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है। इसके अलावाए नए प्रावधानों के अनुसार दुधारू और भारवाहक मवेशियों की मृत्यु पर प्रति पशु 55,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी और भेड़,बकरी और सुअर की मृत्यु की स्थिति में वित्तीय सहायता को 4000 रुपये से बढ़ाकर 6000 रुपये कर दिया गया है। प्रदेश में धंसते क्षेत्रों के संबंध में चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की प्राकृतिक आपदा के कारण उत्पन्न स्थितियों का गहन अध्ययन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिन प्रभावितों की सम्पत्ति पूर्ण रूप से नष्ट हो गई हैए उन्हें पर्याप्त सहायता सुनिश्चित की जा रही है।

# राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने हिमाचली स्वैग-पाणी री टंकी किया जारी



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गत दिवस को राजभवन में प्रसिद्ध पाश्र्व गायिका अलका याग्निक द्वारा स्वरबद्ध किए हिमाचली स्वैग-पाणी री टंकी गीत जारी किया। हिमाचली गायक दिलीप चौहान ने भी इसमें अपनी आवाज दी है। इस अवसर पर राज्यपाल ने दिलीप चौहान को बधाई देते हुए कहा कि हिमाचली संस्कृति, बोली, रीति-रिवाज और पहनावा अति समृद्ध है। उन्होंने कहा कि संस्कृति के संवर्द्धन में उनके प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के साथ-साथ अपनी संस्कृति को संरक्षित रखते हुए भावी पीढि?ों को इससे अवगत करवाना आवश्यक है।इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा भी उपस्थित थे।

## ड्राइविंग टेस्ट 22 सितम्बर को

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
वाहन पंजीयन व अनुज्ञापन अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी ओम कांत ठाकुर ने बताया कि वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन एसडीएम कार्यालय सदर मंडी के अंतर्गत 22 सितम्बर को छोटा पड्डल मैदान मंडी में ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थी ड्राइविंग टेस्ट के लिए अपने फ र्म फ ोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फ इल के साथ लाना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने बताया कि 22 सितम्बर को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट के लिए 16 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से परिवहन डॉट जीओवी डॉट आईएन के माध्यम से स्लॉट बुक कर सकते हैं।

# राजस्थान सरकार से उठाई जाएंगी बांध विस्थापितों के पुनर्वास संबंधी मांगें: नेगी

**समीक्षा बैठक**

8 उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पौंग बांध विस्थापितों के पुनर्वास के प्रति संवेदनशील है

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने गत दिवस को राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ पौंग बांध विस्थापितों के पुनर्वास के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्ष की।
, उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पौंग बांध विस्थापितों के पुनर्वास के प्रति संवेदनशील है तथा उनकी



उचित मांगों को राजस्थान सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

राजस्व मंत्री ने कहा कि पौंग बांध परियोजना के कारण प्रदेश के जिला कांगड़ा में 20722 परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस परियोजना से विस्थापितों को भूमि आवंटित करवाने के लिए प्रयासरत है। इसके अलावा शेष विस्थापितों को एकमुश्त राहत उपलब्ध करवाने पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में समय-समय पर बैठकें आयोजित की जाएं ताकि विस्थापितों की मांगों का समय पर समाधान किया जा सकें। इस अवसर पर जगत सिंह नेगी ने उपायुक्त राहत एवं पुनर्वास राजा का तालाब तलवाड़ा, डॉ. संजय कुमार धीमान द्वारा विस्थापितों के जीवन तथा राहत व पुनर्वास प्रक्रिया पर लिखित पुस्तक विस्थापन का दंश का विमोचन भी किया। यह पुस्तक भारत में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करने के लिए विस्थापितों के त्याग को समर्पित है। राजस्व मंत्री ने प्रधान सचिव राजस्व ओंकार चंद शर्मा से भी विस्थापितों के पुनर्वास के संबंध में चर्चा की।
बैठक में शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने विस्थापितों से संबंधित विभिन्न मांगों से अवगत करवाया। संयुक्त सचिव राजस्व बलवान चंद तथा सहायक आयुक्त कांगड़ा सुभाष गौतम सहित वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो

शिमला: आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक अभिनव आय योजना आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो लॉन्च की है जो ग्राहकों को साल.दर.साल बढ़ती आय या निरंतर नियमित आय प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करती है। इसके अलावा इस गैर.भागीदारी बचत उत्पाद का जीवन कवर घटक यह सुनिश्चित करता है कि परिवार को वित्तीय सुरक्षा मिले।30 वर्षों तक बढ़ती आय या निश्चित आय प्रदान करेगा,एकमुश्त लाभ के साथ नियमित आय प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया ग्राहकों के पास अपनी आवश्यकताओं के अनुसार राशि के साथ.साथ एकमुश्त लाभ का समय चुनने की है सुविधा ग्राहकों को उनकी लघु और दीर्घकालिक आय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सशक्त बनाता है अंतर्निहित लचीलापन ग्राहकों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप आय योजना को अनुकूलित करने में सक्षम बनाता है आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो ग्राहकों को अन्य लचीलेपन के साथ.साथ आय लाभ और प्रीमियम भुगतान शर्तों का विकल्प प्रदान करके उत्पाद को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित करने की अनुमति देता है ।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी,अमित पालटा ने कहा हम आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो पेश करने के लिए उत्साहित हैं जो अंतर्निहित लचीलेपन वाला एक दीर्घकालिक बचत उत्पाद है जो ग्राहकों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद को समायोजित करने की अनुमति देगा। इससे उन्हें बेहतर तैयारी करने और जीवन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलती है। इसके अलावा उत्पाद में जीवन कवर घटक परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है ।सुनिश्चित दीर्घकालिक आय के साथ आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो ग्राहकों को एकमुश्त लाभ प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करता है। ग्राहकों के पास एकमुश्त लाभ के रूप में भुगतान किए गए प्रीमियम के 100प्रतिशत तक की कोई भी राशि चुनने और लाभ प्राप्त करने का समय भी चुनने की सुविधा है। इस सुविधा के साथए ग्राहक जीवन के सबसे महत्वपूर्ण मील के पत्थर के लिए योजना बना सकते हैं जैसे कि एक घर का मालिक होना,प्रियजनों के लिए एक स्थायी विरासत छोड़ना या एक बड़ा सेवानिवृत्ति कोष बनाना ।यह सुविधा संपन्न उत्पाद यह भी सुनिश्चित करता है कि आय अवधि के दौरान पॉलिसीधारक की मृत्यु के मामले में नामांकित व्यक्ति को आय प्राप्त होती रहेगी। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो प्रभावी रूप से ग्राहकों को लघु और दीर्घकालिक दोनों आय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लचीलापन प्रदान करता है ।आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो 5 से 12 साल तक प्रीमियम भुगतान शर्तों की एक श्रृंखला प्रदान करता है जिससे ग्राहकों को उनकी सुविधा और लक्ष्य समयरेखा के अनुसार बचत करने में मदद मिलती है। साथ ही 8वें साल से उन्हें 30 साल तक की आय मिलनी शुरू हो सकती है।
आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो को ग्राहकों को उनकी वित्तीय आवश्यकताओं के अनुसार आय प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। गौरतलब है कि यह उत्पाद ग्राहकों को अपने वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए एकमुश्त धनराशि का समय और मात्रा तय करने में भी सक्षम करेगा।

### मोरारी बापू ने हिमाचल प्रदेश में सेवा भारती संस्था को 25 लाख रुपये का दान किया



**शिमला:** पिछले कई महीनों से हिमाचल प्रदेश में भारी बरसात के कारण जीवन और संपत्ति की अत्यधिक हानि हुई है। लगातार बारिश के कारण सैकड़ों लोगों और जानवरों की मौत हुई है। इसके अलावा भूस्खलन के कारण कई लोगों के लिए कठिन परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं। एक अनुमान के अनुसार हिमाचल प्रदेश में ही हजारो करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है ।जुलाई में प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु और रामचरितमानस के व्याख्याता मोरारी बापू ने हिमाचल प्रदेश और अन्य उत्तर भारतीय राज्यों के लिए 25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की थी। मोरारी बापू तब बोस्टन संयुक्त राज्य अमेरिका में रामकथा कर रहे थे और उन्होंने रामकथा अनुयायियों के साथ सहायता की घोषणा की थी। पूज्य मोरारी बापू की संवेदना के प्रतीक रूप श्री चित्रकूटधाम ट्रस्ट तलगाजरडा ने सेवा भारती को 25 लाख रुपये का दान किया है। सेवा भारती संस्था हिमाचल प्रदेश में विभिन्न सामाजिक कार्यों और मानवीय सेवा के कार्यों में समर्पित है। इस राशि को हिमाचल प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में सेवा भारती की सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित किया जाएगा। सेवा भारती ने मोरारी बापू और श्री चित्रकूटधाम ट्रस्ट का सहायता के लिए आभार व्यक्त किया है।

# कृष्णनगर वार्ड हो सैनाटाइज, कसाईखाना के काम कर रहे लोगों को मिले रोजगार: भाजपा



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा शिमला मंडल ने मंडल अध्यक्ष सुनील धर की अध्यक्षता में एक ज्ञापन नगर निगम आयुक्त को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से शिमला मंडल के पदाधिकारी एवं नगर निगम के भाजपा पार्षदों ने अपनी मांगे आयुक्त के समक्ष राखी।
भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने इस अवसर पर कहा की जिस प्रकार से नगर निगम के पिछले हाउस में महापौर ने भाजपा के कृष्णा नगर वार्ड के पार्षद बिट्टू पाना से व्यवहार किया वह निंदनीय है इसके लिए उनका सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। महापौर को ध्यान रखना चाहिए की कृष्णा नगर के पार्षद एक दलित नेता है और अगर उनके साथ नियंत्रित भाषण में बात नही की जाए तो अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के अंतर्गत अधिनियम के भाग 5 की धारा 3 लागू होती है। कृष्णा नगर में कसाईखाना गिरने के बाद है जो वहां पर बकरी और मुर्गी मारे हैं उनकी सफ ाई में तेजी से कार्य नहीं हो पा रहा है जिसके कारण लोगों में महामारी का भय फैला है, भारतीय जनता पार्टी ने मांग रखी है कि इस वार्ड की पूरी सफ ाई होनी चाहिए और वार्ड सेनीटाइज भी होना चाहिए।
भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील घर ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में शिमला शहर की जनता को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और नगर निगम शिमला को शहर के सभी रास्ते खोलने पर युद्ध स्तर पर काम करना चाहिए उन्होंने कहा कि नगर निगम शिमला को पानी की निकासी को लेकर विशेष नीति बननी चाहिए। सडकों के पास जो पेड़ गिरे है
उनको हटाना चाहिए। भाजपा पार्षद बिट्टू पाना ने कहा की महापौर ने हाउस में जब चुने हुए प्रत्याशियों को बोलने का मौका नहीं दिया तो आम जनता को क्या मौका देंगे। जनप्रतिनिधि जनता के काम करवाने आते हैं और अगर उन कामों को वह नगर निगम एवं महापौर के समक्ष नहीं रखेंगे तो काम कहां से होंगे।

## सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के लिए जिला में भर्ती शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भर्ती अधिकारी रीजनल ट्रेनिंग अकादमी बिलासपुर अर्पित रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईएस इण्डिया लि. रीजनल ट्रेनिंग अकादमी बिलासपुर द्वारा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिला शिमला में 04-08 सितम्बर तक रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एसआईएस इण्डिया लि. भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी द्वारा जिला में सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर की नियुक्ति की जा रही है।

# नियमों के तहत कार्य करती है एसोसिएशन: संघ

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
सिरमौर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन ने बैडमिंटन खिलाडियों के अभिभावकों पर संघ को बदनाम करने के आरोप लगाए है। बैडमिंटन एसोसिएशन के पदाधिकारी सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। संगठन के प्रदेश महासचिव रमेश ठाकुर व जिला सचिव सुरेंद्र हिंदुस्तानी ने कहा कि अभिभावकों द्वारा उनके बच्चों को मिक्स डबल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन के लिए दबाव बनाया जा रहा था। मगर जिला स्तर पर मिक्स डबल प्रतियोगिता का आयोजन ही नहीं हुआ ऐसे में बच्चों का चयन



संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि बच्चों के चयन न होने की सूरत में मीडिया में जाकर अभिभावक द्वारा बैडमिंटन एसोसिएशन को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के दौरान इन अभिभावकों ने प्रतियोगिता स्थल पर बैडमिंटन एसोसिएशन के पदाधिकारी से बदसलूकी भी की जिस पर जांच जारी है।
एसोसिएशन ने कहा कि सिरमौर जिला में बैडमिंटन को लेकर संगठन पूरी तरह गंभीर है और समय.समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन निष्पक्ष तरीके से किया जाता है जिसमें किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होता है।

# हमीरपुर में ईवीएम की फर्स्ट लैवल चैकिंग 16 से: हेमराज बैरवा

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर जिला हमीरपुर में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट की फ र्स्ट लैवल चैकिंग 16 सितंबर से आरंभ की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार इस प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और इसके बारे में विभिन्न राजनीतिक दलों को अवगत करवाने के लिए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने इन दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।
इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के



प्रतिनिधियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग चुनाव से संबंधित हर प्रक्रिया एवं कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इनमें हितधारकों यानि राजनीतिक दलों की उपस्थिति सुनिश्चित करता है। हेमराज बैरवा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट की फ र्स्ट लैवल चैकिंग के दौरान भी पूरी पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस प्रक्रिया के दौरान सभी राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थिति बहुत जरूरी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे जिला में 16 सितंबर से आरंभ होने वाली फ र्स्ट लैवल चैकिंग के दौरान अवश्य उपस्थित रहें। बैठक में निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्र नाथ शुक्ला ने फ र्स्ट लैवल चैकिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

# शेता फाट पीज में आज 74वां वृत स्तरीय वन मोहत्सव मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू//श्याम कुल्वी**
वन विभाग कुल्लू वृत द्वारा आज कुल्लू के निकट शेता फ ाट पीज में आज 74वां वृत स्तरीय वन मोहत्सव मनाया गया जिस की अध्यक्षता मुख्य संसदीय सचिव वनएऊर्जा एपर्यटनव परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने की। सीपीएस ने इस अवसर पर देवदार का पौधा रोपित किया।
मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में वन हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये कृतसंकल्प है तथा इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश सरकार ने अनेक योजनाएं आरम्भ की है।



उन्होंने कहा कि हाल ही में मुख्य मंत्री सुखविंदर सिंह ठाकुर ने वन विस्तार योजना आरम्भ की है जिसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश वन क्षेत्र में विस्तार कर हरित क्षेत्र को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सामाजिक सहभागिता अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज 5 हेक्टेयर क्षेत्र में 5500 देवदार व बान के पौधे लगाए जा रहे है। उन्होंने विभाग व लोगों से भी आग्रह किया कि जो पौध रोपण किया जा रहा है इस सर्वाइवल रेट बढ़ाने के लिए प्रयास करेताकि इन्हें लगाने का फ ायदा हो सकें। उन्होंने कहा कि कहा कि कुल्लू वन वृत्त के तहत इस वर्ष 1653 हैट्रिक क्षेत्र में पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से 200 28 हैकटेयर क्षेत्र में पौधारोपण किया जा रहा है उन्होंने कहा कि इस वर्ष 1653 हेक्टेयर क्षेत्र में 11 लाख 76 000 पौधे लगाए जाएंगे उन्होंने उन्होंने लोगों से जन्मदिन के अवसर पर एक बूटा लगाने का आग्रह किया ताकि था उम्र इसकी याद बनी रहे उन्होंने कहा कि कुल्लू क्षेत्र में पर्यटक को पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं पीज घाटी को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है उन्होंने कहा कि पीज से काइसधार के लिए ब्राइडल पाथ का निर्माण कार्यों पूरे होने के कगार पर है जिसका सितम्बर माह के मध्य तक लोकार्पण किया जाएगा। इस मार्ग पर इलेक्ट्रॉनिक कार्ट चलाई जाएगी। इस मार्ग को मठासुर तक बढ़ाया जाएगा उउन्होंने कहा कि पीज से ढालपुर के लिए पैराग्लाइडिंग आरंभ की गई है जिससे युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# नाहन भाजपा मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
जिला सिरमौर नाहन भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप ठाकुर ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। घोषित नई कार्यकारिणी में वीरेंद्र ठाकुर, संजय पुंडीर, मनीष अग्रवाल, नरेश कुमार, प्रेम शर्मा, धीरज गर्ग को उपाध्यक्ष बनाया गया है। तो वहीं मलकी चौधरी और सुशील शर्मा को मंडल में महामंत्री पद से नवाजा गया है। वहीं बड़ी बात तो यह है कि इस बार नाहन मंडल सचिव में भाजपा की कर्मठ नेत्री रही व नगर परिषद की अध्यक्ष रही स्वर्गीय रेखा तोमर की पुत्रवधू मोना तोमर को विशेष रूप से शामिल किया गया है। इसके अलावा पुष्पा देवी, अमित



गुप्ता, संदीप सैनी, संदीप शर्मा, अलका देवी, कमलेश देवी, राजीव चौधरी को भी सचिव पद पर नवाजा गया है। वहीं राजेश गर्ग को नाहन मंडल कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई है। प्रताप ठाकुर ने मंगल कार्यालय के लिए शिव बहादुर को सचिव तथा राजेश कश्यप को सहसचिव पद पर नियुक्ति दी है। इसी प्रकार मंडल कार्यकारिणी सदस्य में मनोज गर्ग, शुभम सैनी, दीपचंद, अनु शर्मा, प्रदीप सहोत्रा, अशोक, विक्रम, राजेंद्र ठाकुर, महेंद्र, संजीव शर्मा, प्रकाश बंसल, दुर्गेश चौधरी, बलबीर, योगेंद्र, संजय चौधरी, संजीव चौधरी, प्यारे मोहन, अरुण भाटिया, मीमा, तरसेम, अविनाश गुप्ता, सौरभ ठाकुर, अमरजीत सिंह, सहित आदि शामिल रहे।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 02 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 233 पृष्ठः 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के लिए काउंटडाउन शुरू हो चुका है। इसरो भ्सौर मिशन आदित्य एल-1 2 सितंबर को सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर लॉन्च करेगा।

# एक देश एक चुनाव: कमेटी गठित

● पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अध्यक्ष होंगे, कांग्रेस का सवाल- सरकार को अचानक इसकी जरूरत क्यों पड़ी

**रायशुमारी होगी**

**केंद्र की बनाई कमेटी एक देश एक चुनाव के कानूनी पहलुओं पर गौर करेगी**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**'एक** देश-एक चुनाव' पर केंद्र सरकार ने कमेटी बना दी है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संभव है कि एक देश एक चुनाव पर सरकार बिल भी ला सकती है। केंद्र की बनाई कमेटी एक देश एक चुनाव के कानूनी पहलुओं पर गौर करेगी। साथ ही इसके लिए आम लोगों से भी राय लेगी। इस बीच, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा कोविंद से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। हालांकि, इस मुलाकात की वजह सामने नहीं आई है। सरकार की इस पहल पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आखिर एक देश एक चुनाव की सरकार को अचानक जरूरत क्यों पड़ गई। वहीं कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा- व्यक्तिगत तौर पर मैं एक देश एक चुनाव का स्वागत करता हूं। यह नया नहीं, पुराना ही आइडिया है। इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री, प्रह्लाद जोशी ने कहा, 'अभी तो समिति बनी है, इतना घबराने की बात क्या है? समिति की रिपोर्ट आएगी, फिर पब्लिक डोमेन में चर्चा होगी। संसद में चर्चा होगी। बस समिति बनाई गई है, इसका अर्थ यह नहीं है कि यह कल से ही हो जाएगा।'

**विपक्ष बोला- सरकार को पहले भरोसे में लेना चाहिए था:** शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने कहा कि बीजेपी इंडिया से डरी हुई है। वन नेशन, वन इलेक्शन को मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए लाया जा रहा है। वहीं सपा नेता राम गोपाल यादव ने कहा कि संसदीय व्यवस्था की सारी मान्यताओं को यह सरकार तोड़ रही है। अगर विशेष सत्र बुलाना था तो सरकार को सभी विपक्षी पार्टियों से कम से कम अनौपचारिक तौर पर बात करनी चाहिए थी।

### वन नेशन-वन इलेक्शन के समर्थन में मोदी

**मई** 2014 में जब केंद्र में मोदी सरकार आई, तो कुछ समय बाद ही एक देश और एक चुनाव को लेकर बहस शुरू हो गई। मोदी कई बार वन नेशन-वन इलेक्शन की वकालत कर चुके हैं। संविधान दिवस के मौके पर एक बार प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आज एक देश-एक चुनाव सिर्फ बहस का मुद्दा नहीं रहा। ये भारत की जरूरत है। इसलिए इस मसले पर गहन विचार-विमर्श और अध्ययन किया जाना चाहिए।

### एक दिन पहले विशेष सत्र बुलाने की घोषणा

**एक** देश एक चुनाव की चर्चा के बीच एक दिन पहले केंद्र सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया- 18 से 22 सितंबर तक दोनों सदनों का विशेष सत्र रहेगा। यह 17वीं लोकसभा का 13वां और राज्यसभा का 261वां सत्र होगा। इसमें 5 बैठकें होंगी। जोशी ने यह भी कहा कि सत्र बुलाने के पीछे कोई एजेंडा नहीं है। उन्होंने जानकारी के साथ पुराने संसद भवन की फोटो शेयर की है।

## इंडिया की कोऑर्डिनेशन कमेटी में 14 मेंबर होंगे




**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**विपक्षी** दलों के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल अलायंस (इंडिया) की तीसरी बैठक मुंबई में हुई। मीटिंग के दूसरे दिन 1 सितंबर को गठबंधन ने 13 मेंबर की कोऑर्डिनेशन कमेटी का ऐलान किया। बाद में कहा गया कि कमेटी में CPI(M) के मेंबर का नाम भी जोड़ा जाएगा। इसके बाद इस कमेटी में 14 मेंबर हो जाएंगे। अगली मीटिंग (चौथी) दिल्ली में होगी। विपक्ष की मीटिंग खत्म होने के बाद दोपहर साढ़े तीन बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें लालू प्रसाद यादव ने कहा- हमने संकल्प लिया है कि मोदी जी को हराकर ही दम लेंगे।

**बैठक में 3 प्रस्ताव पास किए गए:** हम अगले लोकसभा चुनाव जहां तक संभव हो मिलकर लड़ने का संकल्प लेते हैं। राज्यों में सीट बंटवारे की व्यवस्था तुरंत शुरू की जाएगी। सार्वजनिक चिंता और महत्व के मुद्दों पर देशभर में जल्द से जल्द सार्वजनिक रैलियां करेंगे।
प्रेस कॉन्फ्रेंस में उद्धव ठाकरे ने कहा कि देशभर में हम गठबंधन की रैलियां करेंगे। जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया थीम तय हुई है। कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई गई है। हम सबने तय किया है कि आने वाले चुनाव में तानाशाही, जुमलेबाजों और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेंगे।हमने सुना था- सबका साथ, सबका विकास। चुनाव जीतने के बाद मित्रों को लात और अपना विकास हुआ। हमारी एकता से विरोधियों में घबराहट है। हम मित्र परिवारवाद के खिलाफ लड़ेंगे।

## फास्ट न्यूज

### चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की सतह पर भूकंप रिकॉर्ड किया

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**चंद्रयान-3** का लैंडर और रोवर चंद्रमा के साउथ पोल पर अब तक सल्फर, एल्युमीनियम, कैल्शियम, आयरन, क्रोमियम, टाइटेनियम, मैगनीज, सिलिकॉन और ऑक्सीजन की मौजूदगी का पता लग चुका है। हाइड्रोजन की खोज जारी है। 23 सितंबर को चंद्रमा पर लैंडिंग के बाद विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर धरती पर रोज नई-नई जानकारी भेज रहे हैं। 31 अगस्त को इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर पर लगे इंस्ट्रूमेंट ऑफ लूनर सीस्मिक एक्टिविटी पेलोड ने चंद्रमा की सतह पर भूकंप की प्राकृतिक घटना को रिकॉर्ड किया है। ये भूकंप 26 अगस्त को आया था। इसरो ने बताया कि भूकंप के सोर्स की जांच जारी है। इसरो ने सोशल मीडिया पर बताया- चंद्रयान-3 के लैंडर पर लगा पेलोड माइक्रो इलेक्ट्रो मैकेनिकल सिस्टम्स टेक्नोलॉजी पर आधारित है। ये पहली बार है जब चांद की सतह पर ऐसा इंस्ट्रूमेंट भेजा गया है। रोवर और अन्य पेलोड के चलने से चांद पर होने वाने कंपन को इस इंस्ट्रूमेंट ने रिकॉर्ड किया है। छह हाई-सेंसिटिविटी एक्सेलोमीटर्स का एक क्लस्टर है। इन एक्सेलोमीटर्स को सिलिकॉन माइक्रोमशीनिंग प्रोसेस की मदद से भारत में ही बनाया गया है। इसके कोर सेंसिंग एलिमेंट में स्प्रिंग मास सिस्टम है जिसमें कोम्ब-स्ट्रक्चर वाले इलेक्ट्रोड लगे हैं। बाहरी कंपन की वजह से स्प्रिंग में हलचल होती है, जिससे उसके इलेक्ट्रिकल चार्ज को स्टोर करने की कैपेसिटी में बदलाव होता है। ये चार्ज वोल्टेज में परिवर्तित होता है।

### मुंबई में लॉन्च हुआ वॉरशिप आईएनएस महेंद्रगिरि

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई/नई दिल्ली**
**आईएनएस** महेंद्रगिरि 'प्रोजेक्ट 17 अल्फा' के तहत बनने वाले 7 जहाजों में से आखिरी जहाज है। इसे मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में आज लॉन्च किया जाएगा। भारतीय नौसेना का जंगी जहाज आईएनएस महेंद्रगिरि यानी 1 सितंबर को मुंबई में लॉन्च किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ ने मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में इसे लॉन्च किया। लॉन्च समारोह में उपराष्ट्रपति धनखड़ मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

## मणिपुर में थम नहीं रही हिंसा, जवान मुस्तैद



**सुलग रहा**

**मणिपुर में तीन दिनों से हिंसा जारी, 8 की मौतस 18 गंभीर रूप से घायल, चूराचांदपुर में बंद का ऐलान, आर्मी तैनात**

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** एक बार फिर सुलग उठा है। चूराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों के बॉर्डर बफर जोन में 29 अगस्त से शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है। तीन दिनों में आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। खोइरनटक, चिंगपेई, खोशुबंग और नारायनसेना में मैतेई और कुकी हमलावरों के बीच मोर्टार हमलों और फायरिंग से पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मणिपुर के चर्चित कुकी गायक मंगबोई लुंगडिम भी हैं, जिन्होंने मई में हिंसा भड़कने के बाद आई गम हिलौ हैम (क्या यह हमारी भूमि नहीं) गीत लिखा और गाया था। वहीं, आदिवासी संगठन आईटीएलएफ ने चूराचांदपुर में बंद का ऐलान किया है। हिंसाग्रस्त चूराचांदपुर और बिष्णुपुर में आर्मी को तैनात किया गया है। अभी यहां के बफर जोन में सीआरपीएफ और असम राइफल्स तैनात थी। आर्मी का कहना है कि हिंसाग्रस्त इलाकों में महिला संगठन उन्हें आगे जाने नहीं दे रही हैं।

## अवैध शादी में जन्मी संतान वैध: सुप्रीम कोर्ट



**फैसला**

**किसी भी अवैध शादी से जन्मी संतान का उनके माता-पिता की अर्जित और पैतृक प्रॉपर्टी में अधिकार होगा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने शुक्रवार 1 सितबंर को कहा कि किसी भी अवैध शादी से जन्मी संतान का उनके माता-पिता की अर्जित और पैतृक प्रॉपर्टी में अधिकार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अवैध शादी से जन्मे बच्चों को वैध बताया और कहा कि अवैध शादी से जन्मी संतान का माता-पिता की संपत्ति पर उनका उतना ही अधिकार है, जितना की वैध शादी में दंपती के बच्चे का होता है। हिंदू सक्सेशन लॉ के आधार पर ऐसे बच्चे माता-पिता की संपत्ति पर अपना दावा कर सकते हैं। ऐसे मामलों में बेटियां भी प्रॉपर्टी पर दावा कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हमने दो निष्कर्ष तैयार किए हैं। कानूनी रूप से अमान्य शून्य विवाह में जन्मे बच्चे को वैध माना जाएगा। वहीं, कानूनी रूप से वैध मानी जाने वाली शून्यकरणीय विवाह में डिक्री मिलने से पहले जन्मी संतान को वैध माना जाएगा। अवैध शादी से पैदा हुई एक महिला ने साल 2011 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर हिंदू विवाह अधिनियम, धारा 16(3) को चुनौती दी थी।

### रेलवे बोर्ड की पहली महिला चेयरपर्सन बनीं जया सिन्हा, पदभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रेलवे** बोर्ड की पहली चेयरपर्सन जया वर्मा सिन्हा ने शुक्रवार को पदभार संभाल लिया। उन्होंने अनिल कुमार लाहोटी की जगह ली। रेलवे बोर्ड के 166 साल के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी महिला को बोर्ड का चेयरपर्सन और सीईओ नियुक्त किया गया है। सिन्हा इससे पहले रेलवे बोर्ड में ऑपरेशन और बिजनेस डेवलपमेंट की सदस्य रह चुकी हैं।

### जीएसटी राजस्व में 11 प्रतिशत का इजाफा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** के जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। अगस्त में भारत का जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को वार्षिक वस्तु व सेवा कर संग्रह की जानकारी दी। सरकार ने पिछले साल अगस्त महीने में वस्तु और सेवा कर के रूप में 1.44 लाख करोड़ रुपये (17.41 अरब डॉलर) जुटाए थे। मल्होत्रा ने कहा कि जून तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत थी और सांकेतिक रूप से इसमें 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जून तिमाही के दौरान जीएसटी राजस्व में 11 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। यह कर-जीडीपी अनुपात 1.33 से अधिक है।
जीएसटी पुरस्कार योजना 'मेरा बिल, मेरा अधिकार' शुक्रवार को छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू की गई। केंद्र और राज्यों ने चालू वित्त वर्ष में पुरस्कार राशि के लिए 30 करोड़ रुपये का कोष तय किया है।
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने कहा कि योजना के लिए मोबाइल ऐप को अब तक 50,000 से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया है।

## 122 साल बाद अगस्त सबसे सूखा रहा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** भर में अगस्त 2023 करीब 122 साल बाद सबसे सूखा और गर्म महीना रहा। इस महीने सामान्य की तुलना में 36% कम बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, साल 1901 में इससे कम बारिश हुई थी। अगस्त की सामान्य बारिश 254.9 मिमी है, लेकिन इस बार केवल 161.7 मिमी बारिश हुई। भारत में अभी तक सबसे सूखा अगस्त महीना 2005 का रहा था, जब केवल 191.2 मिमि बारिश हुई थी। यह सामान्य से 25% कम थी। इस साल अगस्त में कम बारिश होने का नतीजा यह है कि मानसून सीजन के 3 महीने बीतने पर भी बारिश सामान्य से 10% कम है। जबकि जुलाई खत्म होने पर सीजन की बारिश 5% ज्यादा थी। वहीं, आईएमडी के मुताबिक, सितंबर में बारिश सामान्य रहने के आसार हैं। अगस्त से बेहतर स्थिति देखने को मिल सकती है। आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि बारिश का सामान्य आंकड़ा निचले स्तर पर ही रहने की आशंका है। ऐसा इसलिए क्योंकि सितंबर में मानसून के समाप्त होने तक अल-नीनो हावी रहेगा। उन्होंने बताया कि सितंबर में देशभर में तापमान भी सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

**समन जारी** सीएम हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट जाने के बाद अब ईडी भी सुप्रीम कोर्ट पहुंची

## सीएम हेमंत को ईडी ने जारी किया तीसरा नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
**झारखंड** में जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तीसरी बार नोटिस जारी किया है। ईडी 9 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाया है। ध्यान रहे कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस वक्त मुंबई में हैं। हेमंत सोरेन इंडिया की बैठक में शामिल होने के लिए गुरुवार की शाम मुंबई पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी हैं। इस बैठक में विपक्ष के कई दिग्गज शामिल हैं। मुख्यमंत्री पहले ही ईडी की दो बार की नोटिस के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। ऐसे में तीसरी बार की नोटिस के बाद क्या मुख्यमंत्री ईडी कार्यालय पहुंचेंगे और पूछताछ में सहयोग करेंगे, यह बड़ा सवाल है।

**ईडी भी पहुंची है सुप्रीम कोर्ट:** ईडी ने इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दो बार नोटिस जारी किया है। यह तीसरी बार है जब हेमंत सोरेन को नोटिस जारी हुआ है। पिछले दो बार सीएम हेमंत सोरेन पूछताछ में शामिल होने नहीं पहुंचे। ईडी के पहले नोटिस का जवाब देते हुए सीएम ने समन को पूर्वाग्रह से ग्रसित बताया था। दूसरे नोटिस के जवाब में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही। सीएम हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट जाने के बाद अब ईडी भी सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। सूचना है कि ईडी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कैवियट फाइल की गयी है। हालांकि अभी सुनवाई की तारीख तय नहीं हुई है। सीएम हेमंत सोरेन ने जो याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है, उसमें उन्होंने न्याय एवं कानून मंत्रालय और ईडी निदेशालय को प्रतिवादी बनाया है।



# मंदिर न्यास चिंतपूर्णी ने आपदा राहत कोष में दो करोड़ रु का दान

**धन्यवाद**

**8 मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस मदद के चिंतपूर्णी की जनता का धन्यवाद किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

आपदा से जूझ रहे प्रदेश को एक बार फिर पटरी पर लाने के लिए समाजसेवियों सहित धार्मिक संस्थाओं द्वारा मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में दिल खोलकर मदद की जा रही है।



ऐसे में मंदिर न्यास माता चिंतपूर्णी ने भी आपदा की इस घड़ी में सुक्खू सरकार का साथ देकर हिमाचल प्रदेश को मिले जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया है।

शुक्रवार को सहायक आयुक्त एवं एसडीएम अंब विवेक महाजन ने विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू के माध्यम से माता चिंतपूर्णी मंदिर न्यास की ओर से दो करोड़ रुपए का चेक भेंट किया।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस मदद के लिए विधायक सुदर्शन सिंह बबलू और मंदिर न्यास मंदिर व चिंतपूर्णी की जनता का धन्यवाद किया है। वहीं विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि प्रदेश में हुई भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं से प्रदेश में जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। प्रदेश के कई क्षेत्रों में लोगों को राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार राहत, बचाव एवं आपदा पीड़ितों के पुनर्वास के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। आपदा प्रभावितों को हरसंभव मदद सुनिश्चित की जा रही है। ऐसे में मंदिर न्यास की ओर से सीएम आपदा राहत कोष में दिया गया यह पैसा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए उपयोग किया जाएगा।

# श्री राधाकृष्ण मंदिर कोटला कलां में कृष्ण जन्माष्टमी पर शुरू हुआ धार्मिक कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटला में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में शुक्रवार से धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो गया। सात दिन तक चलने वाले धार्मिक समागम में प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा व रासलीला का आयोजन किया होगा। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के सान्निध्य में कथा वाचक पूज्य श्री इंद्रेश जी उपाध्याय वृंदावन वाले द्वारा शुरू की कथा की शुरूआत आरती से की गई। इससे पहले बाल व्यास पंकज ठाकुर जी वृंदावन वालों ने रासलीला करते हुए श्री कृष्ण भगवान पर आधारित कई प्रस्तुतियां पेश की। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर शुरू हुई कार्यक्रम के



दौरान बाबा बाल आश्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं अपने प्रवचनों से सबको निहाल किया। उन्होंने बताया कि सात दिन तक चलने वाले कार्यक्रम के दौरान सभी श्रद्धालुओं को कृष्ण रंग में रंगा जाएगा और 7 सितंबर की रात को जन्माष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी शिरकत करेंगे। कथा वाचक पूज्य श्री इंद्रेश जी उपाध्याय ने दोपहर बाद कथा शुरू की। उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा से न कथा कर सकता और न ही कथा सुन सकते हैं। आज आप यहां बैठे है, तो उनकी कृपया है। आप कोई कथा सुनने में सामर्थ नहीं है, ये सब प्रभु की कृपा है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत की कथा तभी सुन सकते, जब नाथ जी की कृपा हो जाए।

# सुंदर सिंह ठाकुर ने भारी चट्टानों के गिरने से अवरुद्ध मार्ग का जायजा लिया

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

सीपीएस ने इस दौरान रास्ता खुलने के इंतजार में बजौरा से जलोगी तक खड़े सेब व सब्जी से भरे छोटे व बड़े वाहनों को रवाना कर यातायात बहाल किया। उलेखनीय है कि जलोगी सुरंग के मुहाने पर 30 अगस्त रात लगभग 12 बजे के करीब भारी चटटानों के गिरने से यह मार्ग अवरुद्ध हो गया था जिस कारण कुल्लू की तरफ से सेब व सब्जियों से लदे मालवाहक वाहनों व मंडी की तरफ से आवश्यक वस्तुओं व टेंकरो की लंबी-लम्बी कतारे लग गई थी। सामरिक दृष्टि से इस महत्वपूर्ण मार्ग के अवरुद्ध होने के बाद से ही सीपीएस सुन्दर सिंह

**निर्देश**

**8 अधिकारियों को अबरुद्ध मार्ग को शीघ्र बाहल करने के और श्रम शक्ति बढ़ाने के निर्देश दिये थे।**

ठाकुर लगातार इस पर नजर रखे थे व एनएचएआई के अधिकारियों से मार्ग की स्थिति की पल पल की जानकारी हासिल कर रहे थे। सीपीएस ने गत सायं मौके पर पहुंच कर एनएचएआई के अधिकारियों को अबरुद्ध मार्ग को शीघ्र बाहल करने के और अधिक मशीनरी व श्रम शक्ति बढ़ाने के निर्देश दिये थे। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को



जलोगी सुरंग के साथ पुराने एन एच मार्ग को खोलने के भी आदेश दियेए ताकि इस मार्ग का उपयोग किया जा सके।

उन्होंने हणोगी के निकट दवाडा के पास अबरुद्ध मार्ग का भी निरीक्षण किया। तथा इस मार्ग को खोलने के कार्य मे तेजी लाने को कहा।

सुंदर सिंह ठाकुर ने एनएचएआई के अधिकारियों को रोड की मरम्मत कार्य को युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिये ताकि शीघ्र इस मार्ग पर दोनों तरफ से एक साथ वाहनों की आवाजाही आरंभ की जा सके। सीपीएस ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुख्खू स्वयं कुल्लू-मंडी मार्ग स्थिति पर नजर रखे हैं तथा समय-समय पर लोक निर्माण व एनएचएआई के अधिकारियों निर्देश जारी कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कुल्लू जिले सहित लाहौल स्पीति व लेह के लिए आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के साथ कुल्लू व लाहौल स्पीति के किसान बागवान अपने उत्पादों को मंडियों तक पहुंचाने के प्रति गंभीर है।इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## सरकार का लक्ष्य सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी को बंद करना :बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा वर्तमान प्रदेश की कांग्रेस सरकार विगत 9 महीने से लगातार संस्थानों को बंद करने में लगी है। 9 महीने के छोटे से अंतराल में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा खोले गए 1500 से ज्यादा संस्थानों को बंद कर दिया है। स्कूलों को बंद करने का काम अभी भी निरंतर जारी है। कभी संख्या के नाम पर, कभी क्षेत्र के नाम परए कभी राजनीतिक आधार पर स्कूलों को बंद करने में सरकार मशगूल है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी सरकार का प्रदेश की जनता को बड़ा तोहफा घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में कटौती: प्रेम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा शिमला जिला के अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने कहा की रक्षाबंधन के त्योहार पर घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 200 रू घटाकर पीएम मोदी ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। इसी प्रकार उज्जवला योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सिलेंडर 400 रु सस्ता मिलेगा। इस ऐतिहासिक निर्णय का हम स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार को केंद्र सरकार से सीखना चाहिए कि किस प्रकार से जनता के पक्ष में काम किया जाता है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश भर और प्रदेश को राहत देने का कार्य कर रहे हैं वहीं वर्तमान कांग्रेस सरकार डीजल में वैट बढ़ोतरी कर प्रदेश में महंगाई को बढ़ावा दे रही है। केंद्र की मोदी सरकार पूरे देश भर में 75 लाख नए उज्जवला कनेक्शन भी बांटेगी। उज्जवला योजना के तहत अब तक देश में 9.5 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन दिए जा चुके हैं। सरकार ने इस योजना की सब्सिडी पर वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 6,100 करोड़ रुपए खर्च किए थे। योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है। उन्होंने कहा की प्रदेश के प्रत्येक घर में एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य हिमाचल प्रदेश की पूर्व जयराम सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश गृहिणी सुविधा योजना का शुभारंभ किया गया था।

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना को 26 मई, 2018 को लांच किया गया था। इस योजना के माध्यम से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों को निशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए गए थे। केंद्र सरकार द्वारा भी ऐसी ही एक योजना का संचालन किया जाता है जिसका नाम उज्जवला योजना है। उज्जवला योजना के माध्यम से भी निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश ग्रहणी सुविधा योजना के माध्यम से उन ग्रहणीयों को गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाते हैं जो केंद्र सरकार की उज्जवला योजना के दायरे में नहीं है। गृहिणी सुविधा योजना के संचालन से हिमाचल प्रदेश देश का पहला एलपीजी युक्त एवं धुआं मुक्त राज्य बना है। इसके अलावा धुएं से होने वाली बीमारियों से भी महिलाओं को निजात मिली है। प्रदेश में उज्जवला योजना के अंतर्गत 21.81 करोड़ रुपए की लागत से 1.36 लाख निशुल्क घरेलू कनेक्शन प्रदान किए गए हैं एवं हिमाचल प्रदेश सरकार की ग्रहणी सुविधा योजना के माध्यम से 120 करोड़ रुपए की लागत से 3.23 लाख ग्रहणीयो को गैस सिलेंडर प्रदान किए गए हैं।

उन्होंने कहा की वैश्विक एलपीजी बेंचमार्क दाम अप्रैल 2020 से अप्रैल 2022 के दौरान 303ः बढ़ गई थीं तब मोदी सरकार इस दौरान देश में एलपीजी की कीमतें केवल 63ः बड़ाने दी। यह दिखाता है कि केंद्र की मोदी सरकार ने किस प्रकार से जनता को रात देने के लिए उत्तम कार्य किया।

### हिमाचल में शुरू होगा सतत खाद्य प्रणाली प्लैटफार्म

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ाने और प्राकृतिक कृषि के किसानों की आजीविका को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी, राज्य कृषि विभाग और किसान उत्पादक कंपनियाँ के बीच सहयोग से एक सतत खाद्य प्रणाली प्लेटफार्म शुरू किया जा रहा है। यह प्लेटफॉर्म देश में अपने तरह का पहला प्रयास होगा।यह पहल विश्वविद्यालय, राज्य कृषि विभाग की प्राकृतिक कृषि खुशहाल योजना और राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के बीच सहयोग का हिस्सा है। इस सहयोगात्मक पहल का उद्देश्य प्राकृतिक किसानों को सशक्त बनाना और कृषि क्षेत्र में प्रगति को बढ़ावा देना है।नाबार्ड ने विश्वविद्यालय को चार प्राकृतिक किसान उत्पादक कंपनियों के लिए एक उत्पादक संगठन प्रमोटिंग इंस्टीट्यूशन पीओपीआइ के रूप में नामित किया है, जो सतत कृषि प्रथाओं का समर्थन करने और स्थानीय समुदायों की बेहतरी में योगदान देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पीओपीआई इस गठबंधन के ढांचे के भीतर नाबार्ड से अनुदान और सहायता हासिल करने में प्राकृतिक किसान उत्पादक कंपनियों को सुविधा प्रदान करने के लिए अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य इन एफ पीसी की क्षमताओं को मजबूत करना और उपलब्ध संसाधनों और कृषक समुदाय के विकास को बढ़ावा देना है।

## रामपुर एचपीएस द्वारा 31 अगस्त कों 337.1653 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिंक कीर्तिमान



**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू**

रामपुर एचंपीएस ने 31 अगस्त, 2023 को 337.1653 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। जब से परियोजना में विद्युत उत्पादन प्रारम्भ हुआ तब से यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन है। जुलाई 2021 में 335.9057 मिलियन यूनिट की तुलना में जुलाई 2023 में 337.1653 मिलियन यूनिट उत्पादन का सर्वश्रेष्ठ मासिंक कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके अतिरिक्त इस माह में विद्युत उत्पादन के लिए मशीन की संचयी उपलब्धता 107.197 प्रतिशत रही।दिनांक 31 अगस्त, 2023 को रात्रि 9:14 बजे परियोजना प्रमुख विकास मारवाह एवं समस्त वरि. अधिकारियों एवं विद्युत गृह के कर्मचारियों सहित कंट्रोल रूम में एकत्रित हुए व इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें। इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाने के लिए केक काटकर जश्न मनाया गया।

परियोजना प्रमुख विकास मारवाह ने इस उपलब्धी को एक ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने अपने संबोधन में सर्वप्रथम परम पिता परमेश्वर को धन्यवाद करते हुए एसजेवीएन प्रबंधन का आभार व्यक्त किया जिनके दिशा-निर्देशों से यह संभव हो सका। उन्होंने कहा कि यह रामपुर एचपीएसके अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों के वयावसायिकता का जीता जागता उदाहरण है साथ ही इस सफ लता के पीछे एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नन्द लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं अन्य निदेशक मंडल के मार्ग-निर्देशन का बहुत बड़ा हाथ है। उन्होंने बताया कि तमाम विषम परिस्थितियों के बावजूद एसजेवीएन प्रबंधन के समय -समय पर लिए गए उचित निर्णयों एवं दिशा-निर्देशों की वजह से यह उपलब्धी संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि एसजेवीएन प्रबंधन के कुशल निर्देशन में निगम के बुनियादी मूल्यों-व्यावसायिकता, जवाबदेही, स्थिरता, टीम भावना, नवाचार एवं विश्वास, से एसजेवीएन में एक नई कार्य-संस्कृति उभर रही है जिसकी वजह से यह निगम विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपने सांझां विजन-वर्ष 2023-24 में 5000, वर्ष 2025 में 12000 एवं वर्ष 2040 में 25000 मेगावाट, की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

## क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सोलन आरटीए की बैठक 13 सितम्बर को

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सोलन की बैठक 13 सितम्बर, 2023 को हिमाचल प्रदेश परिवहन निदेशालय शिमला-4 में आयोजित की जाएगी।

\ यह जानकारी गत दिवस को कार्यकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन कविता ठाकुर ने दी।

कार्यकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि बैठक 13 सितम्बर, 2023 को प्रातः 10:30 बजे आरम्भ होगी।

उन्होंने सभी सम्बन्धित व्यक्तियों से आग्रह किया कि ऐसे सभी आवेदन पत्र जिनमें क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण का निर्णय आवश्यक है को 05 सितम्बर, 2023 तक सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सोलन के कार्यालय में जमा करवाएं।

# भूस्खलन और मलबा गिरने से कई सडकें बंद

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने भारी बरसात से बंद सडकों की बहाली में हो रही देरी को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन और मलबा गिरने जैसी वजहों से ग्रामीण इलाकों की कई सडकें अभी भी बंद हैं। इसकी वजह से आपदा प्रभावितों के साथ ही अन्य लोगों को अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनुभवी और योग्य ठेकेदारों को दरकिनार करके सडकों की बहाली का ज्यादातर काम राजनीतिक दबाव में कांग्रेस से जुड़े ठेकेदारों को देना इसका मुख्य कारण है। काम सही ढंग से पूरा करने के बजाए वे अपनी जेबें भरने को प्राथमिकता दे रहे हैं। त्रिलोक जमवाल ने कहा कि इस बार जोरदार बारिश की वजह से जहां कई लोग बेघर हुए हैंए वहीं सडकों को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। ग्रामीण इलाकों की ज्यादातर सडकें बंद होने के कारण राहत कार्य प्रभावित हो रहे हैं। न तो समय रहते लोगों तक राहत पहुंच पा रही है और न ही क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं व बिजली की लाइनों आदि की मरम्मत के लिए जरूरी सामग्री वहां तक पहुंच रही है। इसकी वजह से लोगों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। किसी भी तरह का जरूरी सामान अपने घरों तक पहुंचाने के लिए उनका लेबर खर्च भी बढ़ गया है। कई गांवों से स्कूल-कॉलेज के बच्चों, नौकरीपेशा और अन्य लोगों को अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए मीलों दूरी पैदल तय करनी पड़ रही है।

त्रिलोक जमवाल ने कहा कि आपदा प्रभावितों को तुरंत राहत प्रदान करने के साथ ही बंद सडकों की बहाली का काम युद्ध स्तर पर किया जाना चाहिए, लेकिन सत्ता पक्ष के नेता अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए आपदा की इस घड़ी में भी अवसर तलाश रहे हैं। अनुभव और योग्यता को दरकिनार करके मलबा हटाने से लेकर क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत और पुनर्निर्माण जैसे ज्यादातर कार्य राजनीतिक दबाव में कांग्रेस से जुड़े ठेकेदारों को दिए जा रहे हैं। इनमें से अधिकतर ठेकेदारों के पास पर्याप्त मशीनरी तक नहीं है।

# श्रीमदभागवत कथा सुनने से भोग व मोक्ष हो जाते हैं सुलभः शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर /कश्मीर ठाकुर**

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री कृष्णा जन्माष्टी पर्व के उपलक्ष्य पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को विधिवत रूप से कथा यज्ञ शुरू हुआ। इस अवसर पर मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार सदर नरेश कुमार ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना की तथा कार्यक्रम का शुभारंभ करवाया। मंदिर न्यास द्वारा करवाए जा रहे इस धार्मिक समागम में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित हंसराज शर्मा अपने मुखारविंद से इस कथा में प्रभु की लीलाओं का वर्णन करेंगे। कथा के पहले दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए पंडित हंसराज



शर्मा ने श्रीमद भागवत कथा के महत्व के बारे प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महर्षि वेद व्यास द्वारा संक्षेप में भगवत पुराण के स्थान, विषय और महत्व का वर्णन किया गया है। यह पुराण हिन्दू धर्म के आधारभूत ग्रंथों में से एक है और भगवान विष्णु के अवतारों की कथाएं इसमें विस्तृत रूप से प्रस्तुत हैं। भागवत पुराण के श्लोक और अध्यायों की संख्या के कारण इसे अष्टादश पुराणों में गिना जाता है। उन्होंने कहा कि इस पुराण के स्कन्धों में विष्णु के अवतारों का सम्पूर्ण वर्णन है। स्कन्ध एक में सृष्टि का विस्तृत वर्णन है, जिसमें वेदों का महत्त्व और धर्म का उपदेश दिया गया है। स्कन्ध दो से दस तक में विष्णु के विभिन्न अवतारों की चरित्रकथाएं हैं, जिनमें श्रीकृष्ण का जीवन विशेष रूप से विस्तारपूर्वक बताया गया है। यहां पर उनके बालक लीलाएं, गोपियों के संग वन भ्रमण, रासलीला, कंस वध, गीता उपदेश, ब्रजवासियों के साथ नीतिण्नियमों का पालन आदि का वर्णन मिलता है।भागवत पुराण में रस-भाव की अद्भुतता और भक्तिरस की अमृतधारा विद्यमान है।

# आईएसबीटी ऊना के समीप शराब के ठेका खुलने का हुआ विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

ऊना जिला मुख्यालय पर स्थित आईएसबीटी के समीप खुले शराब के ठेके को लेकर स्थानीय वाशिंदों ने विरोध दर्ज करवाते हुए प्रदर्शन कर ड़ाला। गुस्साए लोगों ने नारेबाजी करते हुए ठेके के कारिंदों को दूकान से बाहर निकाल कर ठेके को शटर लगा दिया। इतना ही नहीं साथ खुले अहाता को भी बंद कर दिया गया। स्थानीय लोगो का आरोप है कि ठेके के समीप ही मंदिर और आईटीआई है। जहां पर सुबह शाम आईटीआई के प्रशिक्षु व महिलाएं आते-जाते हैं। शराब का ठेका खुलने से मंदिर व आईओआई जाने वाले प्रशिक्षुओं



व महिलाओं पर बुरा असर पड़ेगा, ऐसे में ठेके को तुरंत बंद किया जाए शुक्रवार सुबह वार्ड नंबर 2 में शराब का ठेका खोलने के लिए कारिंदे शराब की बोतले रख रहे थे। इसकी जानकारी वार्ड नंबर 2 के वाशिंदों को मिली, तो स्थानीय लोग तुरंत ठेके के समीप इक्ा होना शुरू हो गए और देखते ही देखते दर्जनों महिलाएं और पुरुष ठेके के पास पहुंच विरोध करने लगे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने एक्साइज विभाग और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और शराब की दुकानों से कारिंदों को बाहर निकालकर दुकान के साथ साथ अहाते के शटर बंद कर दिए। वार्ड नंबर दो के वाशिंदो में संजय शर्मा, गुरमीत कौर, रजत, अजय, विजय सहित अन्यों का कहना है कि शराब का ठेका जिस स्थान पर खोला जा रहा है। उससे कुछ ही दूर पर मंदिर और आईटीआई है। उन्होंने कहा कि रोजाना सैंकड़ों छात्र आईटीआई को आते है, वहीं सैंकड़ों स्थानीय लोग इस मंदिर में जाते है। ऐसे में शराब का ठेका इस स्थान पर खोलने से लोगों पर बुरा असर पड़ेगा। स्थानीय लोगों की माने तो कुछ साल पहले भी इसी स्थान पर शराब का ठेका खुलने लगा था, लेकिन उस समय भी विरोध के बाद जहां से ठेका शिफ्ट कर दिया गया था। अब फिर इसी स्थान पर ठेका खुलने लगा है, जिसका हर स्तर पर विरोध किया जायेगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर अगर ही इस शराब के ठेके को बंद नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन छेड़ा जायेगा।

नगर परिषद को नहीं किसी प्रकार की जानकारी

वहीं वार्ड नंबर 2 के पार्षद पवन कपिला के कहा कि इस स्थान पर ठेका खोलने से पहले नगर परिषद या उन्हें किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर ठेका खोलना गलत है और जहां से तुरंत ठेका शिफ्ट करना चाहिए।

# नगर परिषद संतोषगढ़ के रतन घई हुए सेवानिवृत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पंजाब स्वास्थ्य विभाग में करीब 37 वर्ष सेवाएं देने के बाद संतोषगढ़ के वार्ड पांच निवासी रत्न कुमार सेवानिवृत हो गए हैं। उनकी सेवानिवृत्ति नंगल के सिविल अस्पताल से बतौर सहायक ओटी के पद से हुई है। साढ़े तीन दशक के लंबे कायार्काल में उन्होंने अपनी ईमानदारी और स्नेह से स्वासथ्य विभाग के छोटे से लेकर बड़े अधिकारी का मन जीता। उनकी सेवानिवृति के अवसर पर नंगल सिविल अस्पताल के सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ



नरेश कुमार, डॉ सुरेंद्र, डॉ एसपी संधू, डॉ नेहा वशिष्ट, सुरभी, गुरसेवक, गुरप्रीत और हरबख्श सिंह ने स्टाफ नर्सिस ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। नंगल में हुई सेवानिवृति के मौके पर रत्न कुमार ने सभी अधिकारियों और स्टाफ कर्मियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उनकी सेवानिवृति में मन्नत घई और सुनीता घई सहित परिवार जन और रिश्तेदार मौजूद रहे।

# मंडी की पटेल यूनिवर्सिटी को कमजोर करना सरकार का युवा और शिक्षा विरोधी फैंसला : रजत ठाकुर

## बोले, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम के प्रयासों से 50 साल बाद राज्य को मुश्किल से मिला है दूसरा राज्य विश्वविद्यालय, कांग्रेस ले रही शिक्षा व युवा विरोधी फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

जब से कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है इसने पहले दिन से ही युवा और शिक्षा विरोधी फैंसले लेने शुरू किए हैं। पहले सैंकडों स्कूल बंद कर दिए और फि र अब घर द्वार मिल रही उच्च शिक्षा के लिए खोली यूनिवर्सिटी भी बंद करने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रजत ठाकुर ने कहा कि 50 साल बाद राज्य को मुश्किल से दूसरा राज्य विश्वविद्यालय मिला है। जो अधिकार उच्च शिक्षा का शिमला और आसपास के लोगों को है वही अधिकार बाकी जिलों के बच्चों का भी है लेकिन ये सरकार नहीं चाहती है कि राज्य के दूसरे जिलों के बच्चों को नजदीक शिक्षा

**तंज**

8 रजत ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि विश्वविद्यालय किसी राजनीतिक दल का नहीं हो सकता।

मिल सके। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को ये सरकार 160 करोड का बजट जारी करती है और वहीं मंडी के सरदार पटेल विश्वविद्यालय को मात्र 10 करोड़ देती है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विश्वविद्यालय किसी राजनीतिक दल का नहीं हो सकता। उच्च शिक्षा का अधिकार राज्य के सभी छात्रों का होना चाहिए लेकिन कांग्रेस सरकार भेदभाव की राजनीति को बढ़ावा दे रही है। आते ही इस सरकार ने



कुलपति और प्रति कुलपति का अवकाश रद्द कर दिया ताकि विश्वविधालय के बंद करने का रास्ता साफ हो जाये लेकिन जब कुलपति ने दबाव में आकर त्याग पत्र दिया तो प्रति कुलपति कोर्ट गईं और उनको वहां से स्टे मिल गया। अब विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार को कम करने का फैसला ले लिया जिससे इन्होंने मुख्य दो जिलों कांगड़ा और चंबा के महाविद्यालय जो सरदार पटेल विश्वविधालय के अंतर्गत थे, उनको हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय में मिलाने का फैसला लिया और जिनकी कुल संख्या 73 हैं। सरदार पटेल विश्व विद्यालय के पास अब मात्र 46 कॉलेज ही रह जाएंगे।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा और चम्बा जिले में कुल 73 महाविद्यालय हैं। शैक्षणिक सत्र 2022-2023 के लिए एसपीयू मंडी में 32000 छात्र-छात्राएं नामांकित थे वहीं शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए ये संख्या 33000 हो गई थी। बाबजूद इसके इसे कमजोर कर अब दायरा बहुत कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि चम्बा से शिमला के बीच की दूरी 340 किमी है जबकि चम्बा से मण्डी के बीच की दूरी मात्र 240 किमी है। इसी तरह कांगड़ा से शिमला के बीच की दूरी 220 किमी है जबकि कांगड़ा से मंडी के बीच की दूरी मात्र 124 किमी है। ऐसे में सरकार बताए कि आपने बच्चों को सुविधा देनी है या उन्हें दुविधा में डालना है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने ये यूनिवर्सिटी दूरदराज के बच्चों को आने वाली परेशानियों को देखते हुए खोली थी ताकि बच्चे घर द्वार कम खर्चे पर उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें लेकिन इस सरकार ने इन बच्चों को शिक्षा के इस अधिकार से ही वंचित कर दिया जिसका परिणाम इस युवा विरोधी और शिक्षा विरोधी सरकार को भुगतना ही होगा।

# माता चिंतपूर्णी मंदिर न्यास ने आपदा राहत कोष के लिए 2 करोड़ रुपये का अंशदान किया



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने गत दिवस को श्री माता चिंतपूर्णी मंदिर न्यास की ओर से मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को आपदा राहत कोष के लिए 2 करोड़ रुपये का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर न्यास का इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न मंदिर न्यास व प्रदेश के लोग आपदा राहत कोष में उदारतापूर्ण अंशदान कर रहे हैं। यह राशि प्राकृतिक त्रासदी से प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने में सहायक होगी।

# मेरी माटी मेरा देश-2 की शुरूआत, 7500 अमृत कलश में दिल्ली पहुंचेगी सभी जिलो की माटी

**अमृत कलश यात्रा**

8 3 अक्तूबर 2023 से 13 अक्तूबर 2023 तक देश के सभी विकास खंडों में अमृत कलश यात्रा निकली जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

मेरी माटी मेरा देश एमाटी को नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम का शुभारंभ राजधानी दिल्ली के रंग भवन संसद मार्ग में गृह मंत्री अमित शाह ज द्वारा अमृत कलश यात्रा से की गई। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के प्रथम चरण में जहां संपूर्ण देश की हर ग्राम पंचायत में अमृत वाटिका का निर्माण करं पंच प्रण की शपथ ली गई एवं हर ग्राम पंचायत में वीरों के नाम शिलाफ ल्कम लगाये गये साथ ही सभी ग्राम पंचायतों की माटी अमृत कलशो में एकत्रित की गई वही मेरी माटी मेरा देश चरण-2 में देश के हर गांव एवं हर घर से इन कलशों में माटी एवं चावल लिए जाएंगे जो देश की अनेकता में एकता की शक्ति का प्रतीक होगा। इन अमृत कलश की हर गांव में भव्य अमृत कलश यात्रा निकाली जायेगी जिसमें देश के हर एक नागरिक को अपनी माटी के प्रति अपना समर्पण दिखाने को मिलेगा एवं गांव में सामूहिक पंच प्रण की शपथ ली जाएगी 1 सितंबर 2023 से 15 सितंबर 2023 तक हर गांव में ये अमृत कलश यात्रा निकाली जायेगी



जिसकी सेल्फी एवं वीडियो पर अपलोड करना आवश्यक है। 3 अक्तूबर 2023 से 13 अक्तूबर 2023 तक देश के सभी विकास खंडों में अमृत कलश यात्रा निकली जाएगी एवं खंड स्तर पर वीरों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा 22 अक्तूबर से 27 अक्तूबर राज्य स्तर पर इसका जश्न बनाया जाएगा एवं 28 अक्तूबर से 30 अक्तूबर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन राजधानी दिल्ली में किया जाएगा। जहां इन सभी अमृत कलशो को विभिन्न प्रदेशों से आये प्रतिनिधियों द्वारा अपनी पारंपरिक वेशभूषाओं में गणतंत्र दिवस की परेड कि भांति परेड करते हुए वीरो कि याद में बनाए हुए अमृत वाटिका में समर्पित किया जाएगा। इस कड़ी में आज नेहरू युवा केंद्र कुल्लू, युवा मामले विभाग भारत सरकार द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काईस, भंडारी नारी शक्ति महिला मण्डल के संयुक्त तत्वाधान में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया एवं विभिन्न स्थानों, स्कूल, छात्र छात्राओं के द्वारा, महिला मंडल, घरों से माटी एकत्रित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काईस की प्रधानाचार्य कल्पना शर्मा द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान पर प्रकाश डालते हुए जानकारी दी गई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बहादुर सिंह जी द्वारा छात्रों को पंच प्रण की शपथ दिलायी गई जिसके बाद नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पूरण, महिला मंडल, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काईस की प्रधानाचार्य, अध्यापक,राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं अधिकारी, पूरण राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नैना देवी प्रधान भंडारी नारी शक्ति महिला मंडल एवं सभी सदस्य, झरना महिला मंडल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# रूपाशी ने राष्ट्रीय जूड़ो प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित हुई राष्ट्रीय जूनियर जूड़ो प्रतियोगिता में जिला ऊना की रूपाशी ने रजत पदक जीतकर जिला के साथ-साथ प्रदेश का नाम रोशन किया है। इससे पहले रूपाशीं ने राष्ट्रीय स्तर पर 2018 में कांस्य पदक जीता। 2019 में मणिपुर में आयोजित हुई प्रतियोगिता में रजत पदक व 2021 में चंडीगढ़ में कांस्य पदक जीता। रूपाशी के कंधे में चोट लगने के कारण राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाई। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद दोबारा राष्ट्रीय जूनियर जूड़ो प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर रजत पदक जीता।

# बालकरूपी में दो प्रवासी गुटों में हिंसक झड़प, लोगों में दहशत

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

जोगिंदर नगर के नजदीकी गांव बालकुरपी में वीरवार देर रात को दो प्रवासी गुटों में हिंसक झड़प हो जाने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार बालकुरपी गांव में काफ ी तादाद में प्रवासी कामगार किराए के मकान में रहते हैं और आए दिन यहां पर इन बाहरी राज्य के लोगों की आपस में वह स्थानीय लोगों के साथ कई बार कहा सुनी और झगड़ा होता ही रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बारे में पुलिस को भी पूर्व में सूचित किया गया है लेकिन सही ढंग से पुलिस कार्यवाही न होने पर इन



दहशत गार्डन के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। मछली रात को भी दो प्रवासी गुटों में किसी बात को लेकर पत्थर ईट बाद डंडों से एक दूसरे पर प्रहार किए गए और कुछ ही देर में हिंसक माहौल बन गया जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाला जिससे लोगों को इस घटना का पता। लोगों ने इन बदमाशों पर सख्त कार्यवाही न होने के आरोप लगाए हैं। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर दशक का माहौल है। लोगों ने एसपी मंडी के मामले की उचित जांच कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है अगर समय रहते इन लोगों पर लगाम नहीं लगाई गई तो किसी दिन खून खराबा भी हो सकता है। इस मामले पर थाना प्रभारी जोगिंदर नगर निर्मल सिंह का कहना है की वीडियो के आधार पर पुलिस कार्यवाही में झूठी है और छानबीन कर रही है।

# भाषण प्रतियोगिता में कामिनी प्रथम

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में मयूर इको क्लब के माध्यम से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

स्कूल प्रधानाचार्य नरदेव सिंह राणा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के संबंधित विषय पर हुई इस प्रतियोगिता का मकसद छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। बच्चों में ऐसी प्रतियोगिताओं से बोल कर अपने भाषण कौशल को विकसित करने का अवसर भी मिलता है। प्रतियोगिता में बहुत बच्चों ने बढ़-



चढकर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में 12वीं कक्षा की कामिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 12वीं कक्षा की मनदीप, दसवीं कक्षा का कार्तिक और नौवीं कक्षा की श्रुति और मुस्कान के भाषण भी अच्छे रहे। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य पवन कुमार, वीरेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, विकास बंगा, प्रमोद कुमार, तिलक राज, विजय कुमार, संजीव कुमार, सुरेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, पंकज शास्त्री, संजय कुमार, दीक्षित कुमार, पूनम, ममता व शुभा आदि उपस्थित रहे।

# मधुसूदन शर्मा ने की भाजपा मंडल आईटी संयोजकों सहित जिला आईटी टीम की घोषणा




**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला भाजपा आईटी संयोजक मधुसूदन ने जिला भाजपा के सभी चारों मण्डल संयोजकों की नियुक्ति कर दी है। मधुसूदन शर्मा ने बताया कि जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल, प्रदेश भाजपा आई टी संयोजक अनिल ढढवाल, मंडी संसदीय क्षेत्र के भाजपा आई टी संयोजक आशीष शर्मा एवं जिला के सभी वरिष्ठ नेताओं चारों मण्डल अध्यक्षों से चर्चा के उपरांत उन्होंने जिला कुल्लू भाजपा के चारो मंडलों के आई टी संयोजकों की नियुक्ति कर दी है। विजय ठाकुर को भाजपा कुल्लू मंडल का संयोजक, जीत ठाकुर को भाजपा मनाली मंडल का संयोजक, जगदीश ठाकुर को बंजार मंडल का संयोजक व राजेश काइथ को आनी भाजपा मंडल का संयोजक बनाया गया है। उन्होंने इसके साथ ही सभी मंडलों के सह संयोजकों सहित जिला कार्यकारिणी सदस्यों की भी घोषणा कर दी है।मुकेश सूद कुल्लू मंडल, अमित आर्य मनाली मंडल, हीरा लाल बंजार मंडल व हंस राज पटेल आनी मंडल सह संयोजक होंगे। सुनीता जमवाल, सुशीला ठाकुर, ललित कुमार, योग राज हरीबंश, हरीश शर्मा, राज केवला, कल्पना शर्मा को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। जिला भाजपा आईटी संयोजक मधुसूदन शर्मा ने सभी नव नियुक्त मंडल संयोजकों सहित जिला भाजपा आईटी टीम से आग्रह किया कि पूरी जिला टीम संगठन की मजबूती के कार्य में जुट जाएं।

# सिंगा की मंडली कर रही गुगा जाहर पीर की गाथाओं का गुणगान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल हरोली के गांव सिंगा की मंडली गुगा जाहर पीर की गाथाओं का गुणगान कर रही है। यह लगभग 9 दिन तक चलेगी और गुगा नवमी वाले दिन समाप्त होगी। इस दिन गुगा जाहर पीर जी के नाम पर पूरे भारतवर्ष में प्रसाद बांटे जाते है। मंडली के मुखिया ज्ञानी बाबा ने बताया है कि गुगा जाहर पीर का जन्म राजस्थान के ददरेवा चुरू में नवमी वाले दिन को हुआ था। गुगा जाहर को सांपों के देवता के रूप में भी पूजा जाता है।

# चंबा के विकास में महत्वपूर्ण होगी चंबा-चुवाड़ी सुरंग :कुलदीप सिंह पठानिया

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि चंबा-चुवाड़ी सुरंग आकांक्षी जिला चंबा को विकासात्मक गतिविधियों के लिहाज से विकसित होने के साथ-साथ लोगों को आर्थिक तौर पर और अधिक सशक्त बनाने के लिए भी एक बेहतर अवसर उपलब्ध करवाएगी। वे विश्रामगृह डलहौजी में जन समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। साथ में कुलदीप सिंह पठानिया ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सुरंग नेटवर्क को विस्तार देने के लिए राज्य सरकार ने भुबू जोत, भावा-पिन घाटी तथा



चंबा-चुवाड़ी सुरंग को विशेष प्राथमिकता प्रदान की है। जिला में साहसिक, धार्मिक, नैसर्गिक पर्यटन की मौजूद अपार संभावनाओं, उत्कृष्ट हस्तकला कृतियों तथा जैविक कृषि एवं बागवानी उत्पादों को भी और बल मिलेगा। साथ में उन्होंने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चंबा-चुवाड़ी सुरंग के निर्माण कार्यों को वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पूरा करना सुनिश्चित बनाया जाएगा। प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं के चलते हुए भारी नुकसान को लेकर बातचीत के दौरान कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भारी बारिश एवं बादल फ टने की घटनाओं से जलवायु परिवर्तन क्लाइमेट चेंज का प्रभाव साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सभी सदस्य हिमाचल प्रदेश में विकास मॉडल, प्राकृतिक आपदा से बेघर हुए लोगों को सुरक्षित आवासीय भूमि उपलब्ध करवाने तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर राजनीति से ऊपर उठकर व्यापक चर्चा करेंगे ऐसी आशा है। इस दौरान लोगों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न समस्याओं का विधानसभा अध्यक्ष ने समाधान किया। शेष मांगों को उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान के लिए प्रेषित किया। उन्होंने उप मंडलीय प्रशासन को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर प्राथमिकता रखते हुए आवश्य कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

# शांडिल ने प्रभावितों के घर और राहत शिविर में जाकर पूछा हाल-चाल

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने शुक्रवार को जिला हमीरपुर के आपदा प्रभावित गांवों का दौरा किया। सबसे पहले उन्होंने हमीरपुर के निकटवर्ती गांव कैहडरू में जाकर आपदा प्रभावित परिवारों का हाल.चाल पूछा। इसके बाद कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल गांव चौकी कनकरी पहुंचे। इस गांव में भी उन्होंने मकान ध्वस्त होने के कारण मुश्किलों से घिरे परिवार से बातचीत की और प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। इसके पश्चात कर्नल



डॉ. धनीराम शांडिल नादौन विधानसभा क्षेत्र के गांव मनसाई पहुंचे। उन्होंने आपदा से बेघर हुए 6 परिवारों के कुल 37 लोगों के लिए स्थानीय प्राइमरी स्कूल में चलाए जा रहे राहत शिविर का दौरा भी किया और वहां उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राहत शिविर में किसी भी प्रकार कोई कमी नहीं रहनी चाहिए और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं तेजी से पूरी होनी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन परिवारों का पुनर्वास किसी अन्य सुरक्षित जगह पर करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने तथा इनकी निरंतर समीक्षा करने के लिए मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेवारियां सौंपी हैं और उन्हें अपने-अपने जिले का दौरा करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिला हमीरपुर के प्रभारी के नाते वह राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं तथा स्वयं फ ील्ड में जाकर प्रभावित लोगों का हाल पूछ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस आपदा से उबरने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर विधायक आशीष शर्मा, डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, उपायुक्त हेमराज बैरवा, एसडीएम हमीरपुर मनीष कुमार सोनी, एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल और अन्य अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को उक्त गांवों में हुए नुक्सान तथा उसके बाद प्रशासन की ओर से आरंभ किए गए राहत एवं पुनर्वास कार्यों की जानकारी दी।

# यूपीएससी परीक्षा के दिन 3 सितंबर को परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा-144 लागू रहेगी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी नई दिल्ली 03 सितम्बर, 2023 को मंडी जिला मुख्यालय में एनडीए, एनए-2 तथा सीडीएस-2 की परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। सदर मंडी में इस परीक्षा के लिए राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी, राजकीय विजय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मंडी, डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, मंडी, कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मंडी तथा इंडस ग्लोबल स्कूल जरल, मंडी में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को शांतिपूर्वक व सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए 3 सितम्बर को सदर मंडी मुख्यालय के संबंधित परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा-144 लागू रहेगी।

इस बारे एसडीएम सदर मंडी ओम कांत ठाकुर ने शुक्रवार को आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि 03 सितम्बर 2023 को संबंधित परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक कार्यक्रम, जुलूस, रैलियों, नारेबाजी, धरना प्रदर्शन आदि पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दिन यानी 03 सितम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक संबंधित परीक्षा स्थलों के आसपास लाउड स्पीकरों के उपयोग,परीक्षा स्थलों के आसपास निर्माण, टेंट स्टेज लगाने, तोड? आदि के काम पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि इस दिन परीक्षा केंद्रों में किसी प्रकार के हथियार, लाठियां, गोला बारूद, तलवार, घातक उपकरण आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## संपादकीय

# अनेक रूप बदलता राष्ट्रवाद

**राष्ट्रवाद** सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा है' वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती है' लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं' राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है' जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है' अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं' भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं' यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैं' लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं' अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है।

# चुनाव कब तक विसंगतियों पर सवार होते रहेंगे?

**ललित गर्ग**

> "धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती हैं, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान की भारतीय राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं"

**लोकसभा** एवं पांच प्रांतों में विधानसभा चुनाव सन्निकट है, जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, हैसियत से आगे निकलकर राजनीतिक दल जनता को मुफ्त की रेवड़िया एवं सुविधाएं देने के लिए वादों का पिटारा खोलते जा रहे हैं, चुनाव सुधार की दिशा में सार्थक कदम इन चुनावों में भी उठते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं, जिताऊ उम्मीदवार अब भी राजनीतिक दलों की चुनाव प्रक्रिया पर हावी है, धनबल एवं बाहुबल का ही वर्चस्व एक बार फिर देखने को मिले, तो कोई आश्चर्य नहीं है। योग्यता और उपलब्धियां एक बार फिर हवा होगी। प्रश्न है कि चुनाव सुधार की प्रक्रिया कब मजबूती से आगे बढ़ेगी, चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। चुनाव प्रक्रिया महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन करने वाली हो जाती है। करोड़ों रुपए का खचीर्ला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। हाल के वर्षों में चुनाव सुधार की दिशा में जितने भी कदम उठे हैं, उनमें राजनीतिक दलों की बजाय सर्वोच्च न्यायालय की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका रही है या फिर चुनाव आयोग की।

लोकप्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत चुनाव आयोग भारत में चुनाव कराता है। साल 1990 में जब टीएन शेषन देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाए गए तो उन्होंने चुनाव सुधारों की दिशा में वे कदम उठाए जो असंभव समझे जाते थे। शेषन चुनाव-सुधार के प्रेरक बने एवं उन्होंने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए पहली बार देश को अहसास कराया कि चुनाव आयोग नामक कोई दमदार संस्था भी होती है, जो चाहे तो बंदूकों के दम पर बूथ लूटने वाले आपराधिक तत्वों पर लगाम लगा सकती है। तभी पता चला कि चुनावी प्रशासन कितना कठोर और अनुशासनबद्ध हो सकता है।

शेषन के बाद चुनाव आयोग सक्रिय हुआ है, लेकिन शेषन जैसे प्रभावी कदम उठाने की कमी अब भी दिखाई दे रही है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के अरविन्द केजरीवाल, मध्यप्रदेश में शिवराजसिंह चौहान एवं राजस्थान में अशोक गहलोत सरकारों ने मुफ्त की रेवड़िया बांटने की झड़ी लगा रखी है। धनबल एवं बाहुबल के बाद इन वर्षों में सर्वाधिक मुक्त सुविधाएं देने की घोषणाएं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब बन रही है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना जनता की राष्ट्र के प्रति उदासीनता का द्योतक है, जरूरत इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाने की है। यह समस्या या विकृति किसी एक प्रांत की नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र की लोकतांत्रिक समस्या है। साल 2015 में चुनाव आयोग ने अपनी चुनावी गाइड लाइन में कहा था कि राजनीतिक दल चुनावी मैदान में उतरते वक्त मतदाताओं से जो वादे करते हैं, उन्हें यह भी बताना होगा कि किस स्रोत से सत्ता में आने के बाद उन्हें पूरा करेंगे। ऐसी गाइन लाइन का पालन कहां होता है? आम चुनाव एवं पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के मद्देनजर चुनाव आयोग को चाहिए कि कम से कम इस बार अपने दिशा-निदेर्शों को सख्ती से लागू करे। चूंकि राजनीति में सेवा अब ज्यादातर दिखावटी हो गई है, मकसद व्यक्तिगत और दलगत दोनों स्तरों पर सिर्फ सत्ता प्राप्ति ही रह गया है। मुफ्त की रेवडियां बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधाओं की घोषणाएं करने के पीछे भी मकसद यही है। इस पूरी प्रक्रिया में अंततः नुकसान जनता को ही होता है। तरह-तरह के नये टैक्स और महंगाई के बोझ से आखिर जनता ही दबती है। अब जरूरी हो गया है कि साल 2015 के अपने ही दिशा-निर्देश को कड़ाई से लागू करने की दिशा में चुनाव आयोग आगे बढ़े। राजनीतिक दल जनता को बताएं कि जो वादे वे कर रहे हैं उन्हें किस स्रोत से पूरा करेंगे। तब मतदाता भी फायदा या नुकसान समझ पाएगा। तब शायद वोट देते वक्त वह अपने विवेक पर भरोसा करने की दिशा में भी आगे बढ़ना शुरू कर सकेगा। चुनावों में धनबल का बढ़ता प्रयोग एवं मुफ्त रेवड़िया बांटने का दूषित एवं पूर्वाग्रहपूर्ण प्रचलन चिन्ता का सबब होना चाहिए। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, चौपट काम-धंधें एवं जीवन संकट के समाधान में क्या पांच राज्यों के विधानसभा एवं अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव कोई आदर्श प्रस्तुत कर पायेंगे? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, आम जनता पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती हैं, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान की भारतीय राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, आतंकवाद, बेरोजगारी, महंगाई की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती है। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती है। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है। सभी जीवन मूल्य बिखर गए है, धन तथा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए सत्ता का अर्जन सर्वोच्च लक्ष्य बन गया है, बात चाहें विधानसभा चुनावों की हो या लोकसभा चुनाव की। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।




आगामी चुनावों की सबसे बड़ी विडम्बना एवं विसंगति भी जो सामने आने वाली है वह यह है कि चुनाव आर्थिक विषमता की खाई को पाटने की बजाय बढ़ाने वाले साबित होंगे। क्योंकि ये चुनाव अब तक के सर्वाधिक खचीर्ले होने जा रहे हैं, इन चुनावों से पहले जिस तरह की सुविधाएं दी जा रही है या देने की घोषणाएं की जा रही हैं, वे नयी बनने वाली सरकारों के लिये बड़ी चुनौती होगी। संभव है ऐसी अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं मुफ्त रेवड़िया बांटने वाले दलों की सरकारें बन भी जाये। लेकिन प्रश्न है कि वे इन आश्वासनों एवं घोषणाओं को पूरा करने के लिये धन कहां से लायेंगे? जैसाकि मुफ्त के वादे के साथ पंजाब में आम आदमी पार्टी सत्तारूढ़ तो हो गई, पर अब उसके बोर्डों और निगमों को पैसे की कमी से जूझना पड़ रहा है। यही हाल दिल्ली का भी है। दिल्ली परिवहन निगम में सालों से नई बसें नहीं आईं, सड़कों का बदहाल है और निगम करीब पैंतालीस हजार करोड़ के घाटे में है। दिल्ली जल बोर्ड भी सत्तर हजार करोड़ के घाटे में है।

पंजाब में पुरानी पेंशन योजना लागू करना भी कठिन हो गया है। जबकि सत्ताधारी दल ने चुनाव लड़ते वक्त इसका वादा किया था। हिमाचल में भी पुरानी पेंशन और महिलाओं को मासिक भत्ता देने का वादा करके कांग्रेस सत्ता में आई। पर बढ़ते आर्थिक बोझ के चलते वादे लागू करना मुश्किल पड़ता जा रहा है।

## कविता

बेरुखी का तेरी सबब मैं परिंदा हूँ,
बताऊं क्या तुझे मै कैसे जिंदा हूं।।

हस्तियां मिट जाती हैं वक्त के साथ,
इंसानियत रखता हूं वह घरौंदा हूं।

जीते-जागते लोगों पर फेंकते हैं पत्थर ।
जमाने की हरकत पर बेहद शर्मिंदा हूं।

बढ़ते नहीं हाथ लोगों के मदद के लिए ।
दूर से देखता तमाशा, कहता नेक बंदा हूं ।।

मुड़कर उसने एक बार नहीं देखा मुझे।
कहते हैं, मैं उसका खास और चुनिंदा हूं ।

जख्मों में नमक तो छिड़केगे लोग संजीव ।
फरेब से उसके जख्मों का पुलिंदा हूँ।।

संजीव ठाकुर

# व्यावसायिकता की वेदी पर भविष्य

**विवेक मित्तल**

**भारत** वर्ष के महान दार्शनिक, प्रखर शिक्षाविद्, ओजस्वी विचारक, कुशल प्रशासक और शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थियों के उन्नयन के प्रबल पक्षधर ह्वभारत रत्नह्ल एवं भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को आयोजित होने वाले ह्वशिक्षक दिवसह्ल पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। लेकिन यह बधाई अधूरे मन से प्रेषित की है। क्योंकि मन में हलचल है, अनेक प्रश्न उठ रहे हैं। बड़ा प्रश्न यह है कि क्या हम डॉ. राधाकृष्णन द्वारा बताये गये मार्ग पर चल रहे हैं? क्या शैक्षणिक जगत में उनकी बातों का, उनके विचारों का अनुसरण हो रहा है? क्या हम भारत वर्ष में वह शिक्षा प्रणाली विकसित करने में समर्थ हो जाये हैं जिसकी परिकल्पना डा. राधाकृष्णन ने की थी, शायद नहीं....।

इसीलिए अधूरी शुभकामनाएँ...। औपचारिकता मात्र बन कर रह गया है शिक्षक दिवस। शिक्षा-शिक्षक-शिक्षण और शिक्षार्थी में से उन्नति किसकी हो रही है? किसका स्तर बढ़ रहा है? और कौन गर्त में समाता जा रहा है इसका चिन्तन-मनन कर-के हमको ठोस परिणाम तक न केवल पहुँचने की आवश्यकता है अपितू उन परिणामों को लागू करने की भी आवश्कता है तभी हम डॉ. राधाकृष्ण के विचारों तक पहुँच पायेंगे। क्योंकि वर्तमान समय में शिक्षा में घोर व्यावसायिकता ने प्रवेश कर लिया है। गहरी जड़ें जमा चुका है अर्थतन्त्र। माया के चक्रव्यूह में फंस चुकी है शिक्षा व्यवस्था। जिसके दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं विद्यार्थियों द्वारा की जाने वाली ह्वआत्महत्याह्ल के रूप में। यह आंकड़ा दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, इसके लिए दोषी कौन? शायद सम्पूर्ण समाज, सम्पूर्ण व्यवस्था। क्योंकि बेरोजगार चाहता है रोजगार, अभिभावक अपने नौनिहालों को हर कीमत पर डॉक्टर, इन्जिनीयर ही बनाना चाहते हैं बिना बच्चों की क्षमता को पहचाने। व्यवसायी धन कमाना चाहता है शिक्षा के माध्यम से। इन सब पर अंकुश कैसे लगेगा? विचार करो। परिवर्तन के लिए आवाज उठाओ पर राजनीति से बाज आओ।

**शिक्षा जीवन देती है लेती नहीं**

आदर्श शिक्षा वही कहलाती है जो बालकों को विषम परिस्थितियों में भी धैर्य और बुद्धिमता पूर्वक सामना करते हुए आगे बढ़ना सीखाये, न की भय और अवसाद में डूबो दे। निराश और हताश युवा गलत निर्णय लेकर अपना तो अहित करता ही है परिजनों को भी संकट में डाल देता है। उस शिक्षा को कोई मोल नहीं जो विद्यार्थियों में आकांक्षाओं पर खरा न उतरने का डर, प्रतिस्पर्धा में पीछे रहने का डर, मानसिक दबाव के साथ-साथ नाकाम होने पर अस्वीकार्यता, समाज और दोस्तों में असहज महसूस करना जैसे कारण ही विद्यार्थियों को आत्महत्या करने पर विवश कर रहे हैं। शिक्षा में बढ़ती इस कुरीति को रोकना होगा। शिक्षा वही श्रेष्ठ है जो कि जीवन को सरल, सरस और सुगम बनाये न की जीवन छीन ले।

## विचार

# एक देश एक चुनाव कराना समय की मांग

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र और सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। भारत में चुनावों का दौर लगातार प्रतिवर्ष छाया रहता है, जिसमें सरकारी संसाधनों का उपयोग होता है, जिसमें शासकीय प्रशासकीय तंत्र इस तरह व्यस्त हो जाता है, जिसके कारण जनता जनार्दन को उस अवधिमें भारी समस्याओं विपत्तियों का सामना करना पड़ता है, जिसके समाधान के लिए एक देश एक चुनाव की चर्चा को बल मिला था और इस दिशा में एक नई बहस शुरू हो गई थी कि पूरे देश में राज्यों में लोकसभा विधानसभा का चुनाव एक ही बार में करायाजाए इसपर कई महीनो से डिबेट होते रहे हैं देश हमेशा इलेक्शन मोड में रहता है, लोकसभा विधानसभा पंचायत लोकल बॉडीज नगर परिषद नगर पालिका महानगरपालिका चुनाव, इस तरह हमेशा चुनाव से घिरा रहता है जिस कारण अब एक देश एक चुनाव समय की मांग है। अभी हाल ही में 20 जुलाई से 11 अगस्त 2023 तक मानसून सत्र हंगामें की भेंट चढ़ा था परंतु आज दिनांक 31 अगस्त 2023 को देर शाम एक खबर ने भारत की जनता को अचंभित कर दिया जिसमें 18 से 22 सितंबर 2023 तक एक विशेष संसद सत्र की घोषणा की गई है। उधर मुंबई में विपक्षी गठबंधन आई.एन.डी.आई.ए की सभा शुरू है, अभी पांच राज्यों के चुनाव 2023 के अंत में होने हैं, वही कर्नाटक और एक राज्य में अभी हाल ही में चुनाव हुए हैं। परंतु दबी जुबान से चर्चा चल रही है कि इस विशेष सत्र में एक देश एक चुनाव व महिलाओं के आरक्षण संबंधी बिल, या फिर यूनिफॉर्म सिविल कोड लाकर नए देश की नई कहानी लिखने की तैयारी चल रही है, इसको को बल मिल सकता है इससे इनकार नहीं किया जा सकता। पिछली बार माननीय पीएम ने संसद में संबोधन में एक देश एक चुनाव पर चर्चा कर इसकी वकालत की थी। यह बिल अगर पास हो गया तो चुनावी सुधारो में बहुत बड़ा परिवर्तन होगा जहां विपक्षी गठबंधन इंडिया इसे अपनी सफलता मानकर वर्तमान सरकार की घबराहट करार दे रही है, तो वहीं सरकार विशेष सत्र के बारे में चुप है। मेरा मानना है कि इस विशेष सत्र में एक देश एक चुनाव बिल लाने की खबर से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि जिस तरह विपक्ष एक हो रहा है, राजनीतिक घटनाक्रम अति तेजी से बदल रहे हैं, राज्यों के चुनाव सर पर हैं, इस बीच एक देश एक चुनाव की चर्चा से देश हैरान है। किंतु चूंकि आज 1 सितंबर 2023 कोदिनभर इस विषय पर डिबेट और चचाएं हो रही है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, एक देश एक चुनाव महिला आरक्षण बिल समय की मांग है। परंतु विपक्ष व राज्यों के सुझावों को रेखांकित करना जरूरी है।

साथिया बात अगर हम संसद के विशेष सत्र की करें तो केंद्रीय संसदीय मंत्री ने ट्वीट करते हुए लिखा कि संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र) आगामी 18 से 22 सितंबर के दौरान होगा, जिसमें 5 बैठकें होंगी। अमृत काल के समय में होने वाले इस सत्र में संसद में सार्थक चर्चा और बहस होने को लेकर आशान्वित हूं। संसद का पिछला मानसून सत्र, 20 जुलाई से 11 अगस्त के बीच आयोजित किया गया था। इस दौरानमणिपुर के मुद्दे पर भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी आई. एन. डी. आई. ए (भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन) ब्लॉक के बीच तीखी नोकझोंक देखी गई थी।वहीं सियासी जगत में सरकार के इस कदम से कई अटकलें लगाई जाने लगी हैं।

कुछ विपक्षी नेताओं का मानना है कि सरकार इस तरह के फैसले लेकर समय से पहले लोकसभा चुनाव करा सकती है। वहीं कुछ और नेताओं का मानना है कि केंद्र सरकार इंडिया गठबंधन की लगातार बैठक से डर गई है जिसके चलते जल्द से जल्द चुनाव कराना चाहती है


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# एक देश एक चुनाव की सुगबुगाहट ! राजनीतिक

**अशोक**

**केंद्र की** नरेंद्र मोदी सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए संसद का विशेष सत्र बुलाया है। केंद्र के संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया है कि संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक चलेगा। इसमें 5 बैठकें होंगी। यह 17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261 वां सत्र होगा। उन्होंने कहा है कि अमृत काल के बीच संसद के विशेष सत्र में सार्थक चर्चा और बहस की उम्मीद है। यह दिलचस्प है कि इस सत्र का ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक मुंबई में होने जा रही है। इसी बीच यह सुगबुगाहट जरूर है कि इस दौरान सरकार 'एक देश-एक चुनाव' बिल ला सकती है, अगर ऐसा होता है तो यह बड़ा कदम होगा। इस समय पक्ष हो या विपक्ष दोनों में सुगबुगाहट है कि विशेष सत्र का मुख्य विषय यही है । इसी बीच केंद्र सरकार ने ह्ववेक देश एक चुनाव ने एक कमिटी का भी गठन कर दिया है।यह कमिटी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कि अध्यक्षता में गठित की गई है जिसके सदस्यों का भी जल्द ऐलान हो सकता है । इससे भी इस सुगबुगाहट को बल मिलता दिखाई दे रहा है। सबसे ज़्यादा चर्चा हो रही है इस बिल की टाइमिंग को लेकर। दरअसल, इस साल के आखिर में ही राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में कयास लगाए जाने लगे कि क्या केंद्र सरकार पहले आम चुनाव करा सकती है। इस बात की चर्चा सियासी गलियारों में जोरों पर उठी कि मोदी सरकार इस बार दिसंबर में ही आम चुनाव करा सकती है। इसे बल तब मिला, जब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भी इस पर बात की। दरअसल यह नया मुद्दा नहीं है । इसकी चर्चा सन 2019 से हो रही है जब 19 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई थी । इसके बाद एक बार फिर यह मुद्दा सतह पर आ गया, जो प्रधानमंत्री के एजेंडे में अहम माना जाता है। यह भी पहला अवसर नहीं था जब ह्वएक देश-एक चुनावह्ल के मुद्दे पर चर्चा हुई थी । विगत में विभिन्न अवसरों पर विभिन्न मंचों में यह मुद्दा चर्चा का विषय बनता रहा है।

## वाह क्या बात है

**डॉ. सुरेश कुमार**

इतने सारे स्वर्ण पदक!
हाँ यह सब तुम्हारी मेहनत के हैं। बताओ इन्हें पाकर तुम्हें कैसा लग रहा है? इन्हीं पदकों की तलाश में जीवन खपा दिया और एक वो हैं जो बिना कुछ किए मलाई उड़ा रहे थे। पहली बार लगा कि यह खेल हम खेल रहे थे। मतलब...? मैं कुछ समझा नहीं। साफ-साफ कहो। तुमसे क्या छिपा है। तुम तो सब जानते ही हो। एक समय था जब यह खेल भ्रष्टाचारियों के लिए हुआ करता था। कोई आयोजन करके स्वर्ण पदक झटकने के चक्कर में था तो कोई खेल सामग्री में धांधली करके। कोई खिलाड़ियों के ठहरने के खर्चों में तो कोई उनके भोजन के ठेके ले-लेके पदकों की झड़ी लगाने के चक्कर में रहता था। वो क्या है न कि जब-जब भ्रष्टाचारी ऊँचे पद हथिया लेते हैं और खिलाड़ी सड़ते रहते हैं तब-तब पदक नहीं घोटाले के पटल खुलते रहते हैं। आज पहली बार लगा कि यह खेल भ्रष्टाचारियों के लिए नहीं खिलाड़ियों के लिए था। सो तो है। लेकिन तुम जिस घटना के बारे में बता रहे हो वह तो कॉमनवेल्थ का महाखेल था। भ्रष्टाचारी कहाँ नहीं होते। जैसे हवा है, वैसे वे हैं। तुम्हें तो अपने खेल धर्म का पालन करना चाहिए। इन सबसे तुम्हारा क्या लेना-देना?
अरे! यह भी खूब कही। लेना-देना कैसे न होगा। हम लोग खेल जमीन पर खेलते हैं। आसमान पर नहीं। मछली तो जीती पानी में ही है न! पानी के बिना उसका कैसा अस्तित्व? खिलाड़ियों का काम खेलना होता है। इन सब धांधलियों के बारे में सोचना नहीं। ऐसा भी तो हो सकता है कि नाच न जाने आंगन टेढ़ा की बिसात पर अपने खराब खेल का ठीकरा धांधली के मत्थे फोड़कर खुद को पाक साबित करना चाहते हो। क्या तुम्हें ऐसा नहीं लगता? खिलाड़ियों के लिए खेल ही उसका धर्म होता है। वह तो हर बार देश का नाम ऊँचा करने के लिए अपना सौ फीसदी देने का प्रयास करता है। लेकिन कुछ धांधलीबाज होते हैं जो बिना स्टेडियम बनाए, बिना खेल सामग्री दिए, बिना सुविधाओं के हमें हवा में तीर मारने की बात करते हैं। कागज पर सबका हिसाब होता है, जमीन पर आते-आते सब कुछ शून्य।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 02 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन कोऑपरेटिव बैंक को मिले बल'

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बी पैक्स सदस्यता महाभियान एवं टोल फ्री नंबर का किया शुभारंभ

**आदेश**

आज उत्तर प्रदेश एक अच्छे निवेश गंतव्य के रूप में आगे बढ़ रहा है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट देश में छा गया



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**प्रदेश के** विकास और अन्नदाता किसानों की जरूरतों को देखते हुए सभी को बैंकिंग सुविधाएं मिलनी चाहिए। हमने सहकारिता विभाग से कहा है कि जिन स्थानों पर बैंक शाखा की आवश्यकता हो, वहां मैपिंग की जाए। उत्तर प्रदेश में एमएसएमई का सबसे बड़ा बेस है, इसके लिए सहकारी बैंकों की बहुत बड़ी भूमिका हो सकती है। हमें प्रयास करना चाहिए कि वहां पर सहकारिता बैंक की एक शाखा खोलने के साथ ही बीसी सखी के कार्यक्रम को जोड़ने का कार्य करें। पहले चरण में बैंक खोलें, दूसरे चरण में इन बैंकों को प्रॉफिटेबल बनाएं और फिर तीसरे चरण में हम वन डिस्ट्रिक्ट, वन कोऑपरेटिव बैंक की परिकल्पना की दिशा में आगे बढ़ें। राज्य सरकार इसमें पूरा सहयोग करेगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास में बी पैक्स सदस्यता महाभियान एवं टोल फ्री नंबर शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश एक अच्छे निवेश गंतव्य के रूप में आगे बढ़ रहा है। हमारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट कार्यक्रम देश भर में छा गया है। आज आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि हमें लोकल फॉर ग्लोबल के बारे में विचार करना होगा। इसमें एमएसएमई विभाग अपने लोकल प्रोडक्ट के लिए उनकी पैकेजिंग, डिजाइनिंग, मार्केटिंग के लिए एक बड़े अभियान को आगे बढ़ा रहा है।

एक नई होड़ लगी है कि हम भी लोकल प्रोडक्ट को बढ़ाने में योगदान दें। सहकारी बैंक भी इस प्रक्रिया के साथ जुड़ते हैं तो यह उनके प्रति आमजन के विश्वास को बहाल करने में मदद करेगा। **सहकारिता को समृद्धि से जोड़ने के कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही डबल इंजन सरकार:** सीएम योगी ने कहा कि सहकारिता भारतीय परंपरा का प्राचीन काल से अभिन्न हिस्सा रहा है, लेकिन एक समय सहकारिता के इस कार्य में सेंध लगी और गलत लोग इसमें शामिल हो गए और देश की सबसे बड़ी आबादी के प्रदेश ने इसकी बड़ी कीमत चुकाई।

### 'सहकारिता आंदोलन को नई गति देगा अभियान'

**सीएम** योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में खेती ही उसकी सबसे बड़ी समृद्धि रही है। हमारे पास दुनिया की सबसे उर्वरा भूमि है तो सबसे अच्छा जल संसाधन भी मौजूद है। 2.61 लाख से अधिक किसान ऐसे हैं जो पीएम किसान सम्मान निधि से जुड़े हुए हैं। यानी 3 करोड़ किसान हमारे पास हैं जो इस अभियान से जुड़कर इसको समृद्धि के पथ पर अग्रसर करके उत्तर प्रदेश की कृषि को उत्तर प्रदेश की समृद्धि से जोड़ने में सहायक हो सकते हैं। भारत की आजादी के समय कुल जीडीपी का 40 फीसदी से अधिक भाग कृषि का था। धीरे-धीरे यह कम होता गया और अब यह 16-17 फीसदी पर आ गया है, लेकिन उत्तर प्रदेश में यह अब भी 25 से 26 फीसदी है। हम इसमें और भी अच्छा योगदान दे सकते हैं। किसानों को समय पर बीज मिले, समय पर खाद मिले, सभी इकाइयां प्रभावी ढंग से काम करना प्रारंभ कर दें तो कोई कारण नहीं कि अन्नदाता किसान इसी धरती से सोना उगाने का काम न कर दे।

### पैक्स की बढ़ाएं क्रेडिट लिमिट: सीएम योगी

**सीएम योगी** ने पैक्स की क्रेडिट लिमिट बढ़ाने के साथ ही फसली ऋण के विषय में लक्ष्य निर्धारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अभी जो हमारे पास 7500 पैक्स हैं, इनमें फर्टिलाइजर की खरीद के लिए जो लिक्विडिटी चाहिए उससे काफी कम है। प्रदेश की आवश्यकता के अनुरूप पैक्स 10 लाख की क्रेडिट लिमिट आवश्यक है। इस संबंध में तत्काल कार्यवाही को आगे बढ़ाकर 7500 पैक्स की क्रेडिट लिमिट को आगे बढ़ाना चाहिए जिससे किसान को सहूलियत हो। राज्य सरकार इस संबंध में पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में कृषि विभाग के साथ मिलकर फसली ऋण के बारे में विचार करना चाहिए।

**फास्ट न्यूज**

## भाजपा के पूर्व सांसद का पुलिस को धमकी देने वाला वीडियो वायरल

**सोनभद्र:** राबर्ट्सगंज लोकसभा के भाजपा के पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार का मांची थाना क्षेत्र के केवटम गांव में पीड़ित आदिवासियों को संबोधित करते समय पुलिस को धमकी देने व थाना फूंकने की चेतावनी देने का वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। कांग्रेस द्वारा वीडियो ट्वीट करने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। मांची थाना क्षेत्र के केवटम गांव में 28अगस्त को आदिवासियों और वन कर्मियों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इस मामले में पुलिस ने 17नामजद व 40अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर पांच आदिवासियों को गिरफ्तार कर लिया था। इसी मामले में गुरुवार को पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार व समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गौड़ गुरुवार को केवटम गांव पहुंचे थे। गांव पर पीड़ित आदिवासियों को संबोधित करते समय पूर्व सांसद की जुबान फिसल गई। पीड़ित आदिवासियों को सांत्वना देते समय पुलिस कर्मियों के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करने के साथ ही थाना फूंके जाने की भी चेतावनी दे डाली। पूर्व सांसद ने कहा की इसी तरह आदिवासियों का उत्पीड़न होता रहा तो मणिपुर जैसे हालात हो सकते हैं। पूर्व सांसद के बयान का वीडियो कांग्रेसियों ने ट्वीट कर दिया। कांग्रेस ने वीडियो ट्वीट करते हुए कहा कि यह साहब भाजपा के राबर्टसगंज के पूर्व सांसद हैं। आदिवासियों के प्रति अपनी चिंता व्यक्त करने के बहाने बगल में बैठे प्रशासन के अधिकारियों को मां-बहन की गालियां दे रहे हैं। इतना ही नहीं, सांसद भी यह स्वीकार भी कर रहे हैं कि मणिपुर की सरकार पूरी तरह फेल हो गयी है। यानी, भाजपाई भी मान रहे हैं कि मणिपुर में भाजपा की सरकार फेल हो गई है। बस इनके आलाकमान के नेता यह मानने को तैयार नहीं। इस संबंध में जब पूर्व सांसद छोटे लाल खरवार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वीडियो क्लिप को तोड़-मरोड़ कर ट्वीट किया गया है। कांग्रेस हमेशा से आदिवासी विरोधी रही है।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक छह सितंबर को

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक छह सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता होगी। बैठक प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से होगी। डुमरी विधानसभा उपचुनाव के बाद आयोजित होनेवाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों की स्वीकृति मिल सकती है।

## चाकूबाजी में युवक की मौत के बाद बेगूं में माहौल तनावपूर्ण

**चित्तौड़गढ़।** जिले बेगूं उपखंड क्षेत्र में आने वाले रायता गांव में शुक्रवार माहौल तनावपूर्ण हो गया। ससुराल अपनी पत्नी को लेने गए युवक ने ससुराल में चाकूबाजी कर दी। इससे नाबालिक की मौत के बाद समुदाय विशेष के लोग एकत्रित हो गए और शव को लेकर बेगूं बस स्टैंड चौराहे पर विरोध करने लगे। इस दौरान कुछ युवकों ने बाजार बंद करने की कोशिश की। इस पर हिन्दू समाज ने इसका विरोध करते हुए बाजार बंद करने से मना कर दिया। इस बात पर दोनों पक्षों में तनातनी हो गयी। मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तैनात कर दिया।

## केंद्रीय मंत्री के घर में बेटे के दोस्त की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मोदी** सरकार में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के लखनऊ स्थित घर में एक युवक की हत्या हुई है। युवक का खून से लथपथ शव कमरे में बेड के पास मिला है। उसके सिर पर गोली मारी गई है। वारदात को मंत्री के बेटे विकास उर्फ आशू की लाइसेंसी पिस्टल से अंजाम दिया गया। शव के पास से ही पुलिस ने पिस्टल बरामद की है। मृतक की शिनाख्त विनय श्रीवास्तव (30) के तौर पर हुई है। वह मंत्री के बेटे विकास उर्फ आशू का दोस्त था। पूरी वारदात मंत्री के दुबग्गा स्थित घर पर गुरुवार रात 2 से 2.50 बजे के बीच की है। जहां वारदात हुई उस घर में मंत्री का बेटा विकास रहता था। घटना के बाद मंत्री ने सफाई दी है कि वारदात के वक्त उनका बेटा विनय के साथ नहीं था। मृतक के परिजनों ने बेटे की हत्या को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पहले पोस्टमार्टम हाउस फिर दुबग्गा के पास शव को सड़क पर रखकर जाम लगाने का प्रयास किया। वे अभी भी सड़क पर बैठे हैं। आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे हैं। हत्या की सूचना पर मौके पर पहुंचे डीसीपी राहुल राज ने बताया कि रात में मंत्री के बेटे के घर पर 6 लोग आए थे। देर रात तक खाना-पीना चला। उसके बाद घटना हुई। शव को कब्जे में लिया गया है।



**जांच जारी**

मंत्री के बेटे की पिस्टल से सिर में मारी गोली, बेड के पास मिला शव; मंत्री बोले- बेटा दिल्ली में है

युवक के सिर पर चोट के निशान हैं। एक पिस्टल भी मिली है। पिस्टल मंत्री के बेटे विकास की बताई जा रही है। हत्या किसने की और क्यों की? क्या हुआ था? इसका पता लगाया जा रहा है। **भाई का आरोप-साजिश के तहत हुई हत्या:** मृतक के भाई ने बताया कि ज्यादातर वक्त विनय मंत्री के बेटे विकास के साथ रहता था। कहा, "मेरे भाई को साजिश के तहत मारा गया है। हत्या की गई है। मंत्री का बेटा हमेशा कहीं जाते तो पिस्टल लेकर जाते थे। कल क्यों नहीं ले गए। दिल्ली जाते थे तो भाई को साथ लेकर जाते थे, कल क्यों नहीं लेकर गए?"



आईएनएस महेंद्रगिरी के लॉन्च पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ संबोधित करते हुए।

## तरनतारन में ड्रोन से फेंकी हेरोइन जब्त

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**बीएसएफ व** पंजाब पुलिस ने जॉइंट सर्च के दौरान पाक तस्करों की एक और कोशिश को नाकाम कर दिया है। वहीं तीन दिनों में यह तीसरी सफलता है, जब जॉइंट ऑपरेशन के दौरान हेरोइन की खेप जब्त की गई है। यह सफलता तरनतारन के सरहदी गांव मेहदीपुर में मिली है। खास बात है कि इस खेप को भी तस्करों ने ड्रोन की मदद से ही फेंका है। बीएसएफ के अनुसार तरनतारन के सरहदी गांव में रात के समय ड्रोन के आने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पंजाब पुलिस के साथ मिलकर सरहदी इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव मेहदीपुर के खेतों में एक थैली मिली। जिसे जब्त कर लिया गया। जब थैली को खोला गया तो इसमें तीन पैकेट हेरोइन के बरामद किए गए हैं। जिसे जांच के लिए फोरेंसिक लैब में भेजा जा रहा है।



## मिजोरम में भारी मात्रा में हेरोइन जब्त

**आइजल।** मिजोरम में भारी मात्रा में हेरोइन जब्त किया गया है। मिजोरम के लुंगले जिले में नाहथियाल पुलिस और मादक पदार्थ निरोधक दस्ते के संयुक्त अभियान में नाहथियाल इलाके से हेरोइन से भरे 56 साबुनदानी जब्त किए गए। साबुनदानी से कुल 655.48 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। जब्त हेरोइन की कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने प्रतिबंधित हेरोइन की तस्करी के आरोप में लालरेम पूईई (29) नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का घर नाहथियाल में मॉडल भेंग में है।

## मजीठिया ने सीएम मान-मंत्री भुल्लर को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**पंजाब में** पंचायतें भंग करने के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियों ने सीएम भगवंत मान और मंत्री लालजीत भुल्लर को घेरा है। अकाली दल के नेता बिक्रम मजीठिया ने कहा कि सीएम मान और मंत्री भुल्लर ने आईएएस अधिकारियों को निलंबित करके उन्हें बली का बकरा बनाया है। उन्होंने कहा कि कार्यकाल खत्म होने से छह महीने पहले पंचायतों को भंग करने के फैसले पर हस्ताक्षर करने और लागू करने के लिए सीएम भगवंत मान और पंचायती राज मंत्री लालजीत भुल्लर जिम्मेदार हैं। पंचायती राज के डायरेक्टर और फाइनेंशियल कमिश्नर को दो दिनों के भीतर फाइलों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। जिसके बाद पंचायती राज्य मंत्री भुल्लर और सीएम मान दोनों ने एक ही दिन फाइल पर हस्ताक्षर किए।



**आप सरकार ने फैसला रद्द किया:** बिक्रम मजीठिया ने कहा कि असली दोषी पंचायती राज मंत्री और मुख्यमंत्री हैं। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा यह स्पष्ट कर दिए जाने के बाद कि वह इस फैसले को रद्द करने जा रहे हैं तो मंत्री और सीएम खुद ही पीछे हट गए। बिक्रम मजीठिया ने आरोप लगाया है कि लालजीत भुल्लर और भगवंत मान पंचायत फंड्स को हड़पने के उद्देश्य से इस तानाशाही निर्णय के माध्यम से लोकतंत्र की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं।

**एमएसएमई**

### ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की रही महत्वपूर्ण भूमिका

## हुनर को मिला सम्मान तो बढ़ गए कद्रदान...

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**हुनर को** मिला सम्मान तो बढ़ गए कद्रदान। यह पंक्ति उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर हुबहू चरितार्थ होती है। आंकड़े भी इसकी तस्दीक करते हैं। हुनर का कद्र बढ़ाने में दो प्रमुख योजनाओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका रही। पहली वर्ष 2018 में पहले उत्तर प्रदेश दिवस पर "नई उड़ान, नई पहचान" हैशटैग से जारी ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) योजना। इसके दायरे में आने वाले तमाम उत्पादों से जुड़े शिल्पकारों का हुनर निखारने के लिए दूसरी योजना थी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना। बाद में योगी सरकार की इन सफलतम योजनाओं को केंद्र सरकार ने न केवल सराहा बल्कि इनको लागू भी किया। इसके अलावा इसमें बड़ी भूमिका स्थान विशेष से जुड़े खास उत्पादों के जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) की भी रही। उत्तर प्रदेश के जिन तमाम उत्पादों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में जीआई मिला, उनमें से लगभग सभी किसी न जिले की ओडीओपी भी थीं। जिन उत्पादों को सरकार ने ओडीओपी घोषित किया और जिनको इस दौरान जीआई मिली उनमें से अधिकतर हैंडीक्राफ्ट से संबंधित थे। एमएसएमई सेक्टर में इनका ही सर्वाधिक हिस्सा भी है।



**इन योजनाओं से एमएसएमई सेक्टर को मिली संजीवनी:** इन सबने मिलकर प्रदेश सरकार के एमएसएमई सेक्टर को संजीवनी दे दी। आंकड़े भी इसकी तस्दीक करते हैं। इससे उत्तर प्रदेश की पहचान मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में बनी।

